3. वेतन और पद की शर्ते और परिलकब्धयों यदि है तो संलग्न करें । :

4. क्या पदों के सृजन के लिए (2) में दिखायी गयी अवधि के लिए पद को बनाये रखने के लिए वित्तीय मंजूरी प्राप्त की गई हैं ? :

5. भर्ती की पद्धति :

6. पद के निर्गामी पदाधिकारी की नियुक्त का नाम और सेवांन्त तारीख । :

7. नियुक्त के लिए प्रस्तावित अधिकारी का नाम और उसकी सेवा :

8. जन्मतिथि और वेतन सहित अधिकारी की सेवा संबंधी पूर्ण विवरण । :

9. विचारे गये अधिकारियों के नाम :

10. यदि पदोनति पद है तो क्या विभागीय प्रोनति समिति की कार्रवाई की प्रतियाँ संलग्न की गयी हैं यदि नहीं की गयी हैं तो कारण बतायें :

11. प्रस्तावित और विचारे गये अधिकारियों की आचरण पंजी भेजी गयी है, यदि नहीं तो उसके कारण बतायें : :

12. (i) यदि प्रस्ताव में विस्तार / पुन: नियुक्त शामिल हैं तो कृपया सूचित करें :

    (क) क्या पद परिचालनात्मक / तकनीकी अथवा गैर परिचालनात्मक / गैर तकनीकी हैं ? :

    (ख) क्या अधिकारी को सेवा विस्तार या पुन: नियुक्त प्रदान करना है। :

    (ग) यदि अधिकारी को पहले ही कुछ विस्तार/पुन: नियुक्त प्रदान किया गया है तो उसकी अवधि । :

(घ) विस्तार / पुन: नियुकक्त प्रदान की जाने वाली तारीख । :

(च) सेवा विस्तार / पुर्ननियुकक्त की अवधि :

(ii) यदि पद परिचालनात्मक / तकनीकी है तो सेवा विस्तार / पुर्ननियुकक्त प्रदान करने का औचित्य । :

(iii) यदि पद गैर परिचालनात्मक / गैर तकनीकी है तो सेवा विस्तार / पुर्ननियुकक्त देने का औचित्य :

(iv) (क) रिक्त है तो ऐसा मालूम पड़ने की तारीख : :

(ख) कालक्रमानुसार ब्यौरों सहित उत्तराधिकरी चुनने की कार्रवाई :

(ग) यदि चयन किया गया है तो कारण बतायें कि पर्याप्त समय रहते इसका निर्णय क्यों नहीं लिया गया ? :

(घ) यदि प्रस्ताव विस्तार / पुर्ननियुकक्त से संबंधित है तो क्या उचित चयन द्वारा नव नियुकक्त को लंबित करके स्थानापन अथवा तदर्थ व्यवस्थायें की जा सकती है । यदि नहीं, तो कारण बतायें । :

13. क्या उचित प्राधिकारी से सत्यनिष्ठ प्रमाण पत्र ले कर संलग्न किया गया है ? :

<u>प्रमाण पत्र का प्रारूप :-</u> श्री/श्रीमति/कुमारी _____

_____

की आचरण पंजी और वैयकक्तक फाईल की छानबीन करके और अन्य सभी उपलब्ध सूचनाओं को ध्यान में रखकर ही में यह प्रमणित हूँ कि वह व्यकक्त / उक्त औरत सत्यनिष्ठा और ईमानदारी हैं ।

सेवा विस्तार/ पुर्ननियुकक्ती मंजूर करने का
सक्षम प्राधिकार

अनुलग्नक - III

कर्मचारियों की सेवा प्रतिधारण के मामले की समीक्षा प्रणाली :

1. संबंधित कर्मचारी द्वारा 50/55 वर्ष की आयु पर पहूँचने से पहले अथवा 30 वर्ष की सेवा या 30 वर्ष की अर्हक सेवा जो भी पहले हो -- पूरी करने से छः महीने पूर्व ही उसके मामले की समीक्षा की जानी चाहिए ।

2. तत्संबंधित कर्मचारी को लोकहित में सेवा से निवृत्त किया जाए अथवा उसे सेवा में रखा जाए ऐसे सभी -- मामलों की सिफारिश करने के लिए निम्नलिखित समिति का गठन किया जाएगा ।

श्रेणी-I और श्रेणी-II के पदों के लिए :-

अध्यक्ष

मंडल के अध्यक्ष महोदय अथवा

``मंडल के उपाध्यक्ष ``

सदस्य:

(1) जिस विभाग में रिक्त है उसके अध्यक्ष ।

(2) अध्यक्ष महोदय द्वारा नामित अन्य विभागाध्यक्ष ।

श्रेणी - III और श्रेणी- IV के पदों के लिए :-

अध्यक्ष : जिस विभाग में रिक्त है उसके अध्यक्ष ।

सदस्य : मंडल के अध्यक्ष द्वारा नामित दो अधिकारी ।

3. उनकी सिफारिशों तैयार करने के लिए समिति द्वारा अनुसरणीय मापदंड इस प्रकार है :

क) जिन कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा शंकाजनक हे उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा ।

ख) कर्मचारी की योग्यता और सामता के मूल आधार पर ही उसे जिस पद पर काम कर रहा है उस पर बनाये रखा जाए / जो कर्मचारी निष्फल पाये जाते हैं उन्हें भी सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा / यदि उसे वर्तमान पद पर रहने के योग्य नहीं समझ जाये तो उसे निचले पद जहाँ से वह पहले पदोन्नत किया गया था - उस पर जारी रहने के लिए योग्य /सक्षम माना जाए ।

ग) समीक्षा के समय किसी कर्मचारी की पूरी सेवा रिकार्ड विचार करते समय सामान्यत: किसी कर्मचारी को यदि सक्रिय न होने के आधार पर सेवा निवृत्त नहीं किया जाना चाहिए यदि

पिछले पाँच वर्षों में उसकी सेवा अथवा उस उच्च पद पर - जिस पर वह पदोन्नत किया गया -- पिछले पाँच वर्ष की सेवा संतोषजनक रही हो ।

घ) किसी भी कर्मचारी को जो निवर्तन के एक वर्ष की अवधि के अंदर सेवानिवृत्त होने वाला है, किसी भी परिस्थिति में सक्रिय न होने के आधार पर सामान्यत: सेवानिवृत्त नहीं किया जाएगा ।

4. समिति की सिफारिश के लिए उचित प्राधिकारी को आगे कार्रवाई करनी होगी । प्रत्येक उस मामले में जिनमें इन विनियमों द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग से कर्मचारी को सेवानिवृत्त करने का प्रस्ताव हो उचित प्राधिकारी को यह रिकार्ड करना होगा कि वह इस निष्कर्ष पर पहूँचा है कि इन विनियमों का अवलोकन करते हुए कर्मचारी को लोकहित में सेवानिवृत्त करना आवश्यक है । यह निर्णय एक स्वेच्छापूर्ण निर्णय अथवा प्रतिद्वंदिता पर आधारित नहीं होना चाहिए ।

5. समयपूर्ण सेवानिवृत्ति से संबंधित विनियम का प्रयोग निम्नलिखित मामलों में नहीं करना चाहिए :-

क) किसी कर्मचारी के विशेष दुराचरण के आधार पर उसके खिलाफ औपचारिक अनुशासनिक कार्रवाई करने की लंबी प्रक्रिया से बचने के लिए सेवानिवृत्त करना ।

ख) छंटनी संबंधी विनियमों और अनुदेशों का अनुसरण किये बगैर सामान्य खिफायत के उद्धेश्य से अधिशेष कर्मचारियों को कम करने के लिए ।

6. यदि एक बार उचित प्राधिकार से किसी कर्मचारी को पचास/पचपन वर्षों के बाद अथवा 30 वर्षों की सेसा आयु समाप्त करने के उपरांत पेंशन के लिए आवश्यक 30 वर्षों की अर्हक सेवा के बाद उसे सेवानिवृत्त करने का निर्णय ले लिया गया है तो साधारणत: उसे सेवानिवृत्ति की आयु पर पहूँचने तक सेवा में जारी रखा जाएगा । यदि उक्त समीक्षा के बाद भी उचित प्राधिकारी किसी भी समय यह समझे कि कर्मचारी को सेवा में बनाये रखना लोकहित में नहीं होगा तो ऐसी हालत में प्राधिकारी निर्धारित प्रक्रियाँ का अनुसरण करते हुए उचित प्राधिकारी द्वारा आवश्यक कार्रवाई लिया जाएगा ।

7. किसी कर्मचारी के संबंध में उसे समयपूर्व सेवानिवृत्ति करने का निर्णय लेने पर उकत कर्मचारी द्वारा अपनी निर्धारित आयु द्वारा पूरी करने अथवा 30 वर्ष की सेवा समाप्त करने जैसा भी मामले ये उसके अनुसार विनियम 5 (i) और (ii) (ख) में निर्दिष्ट मीन महीने का नोटिस देना होगा । कर्मचारी के 50/55 वर्ष का आयु पर पहूँचने / सेवा के 30 वर्ष पूरा करने से पूर्व ही उसे तीन महीने से ज्यादा अवधि का नोटिस भी दिया जा सकता हैं किन्तु उस नोटिस के अनुसार उसे जिस तिथि से सेवानिवत्त होना है यह तिथि उसके 50/55 वर्ष की आयु पर पहूँचने /सेवा में तीस वर्ष पूरा करने --जैसा भी मामला होने से पूर्व की न हो ।

1972 के इन विनियमों के विनियम 5 (ii) के तहत सेवानिवृत्त के मामले में इस प्रकार की सेवानिवत्ति की सूचना कर्मचारी को पेंशन के लिए आवश्यक 30 वर्ष की सेवा समाप्त करने के पहले दिया जा सकता है, जिस तारीख से कर्मचारी की सेवानिवृत्ति प्रभावित होता है, वह तारीख कर्मचारी पेंशन के लिए योग्य 30 वर्ष की सेपा पूरा होने की तारीख या बाद में सूचना की तारीख से समाप्त होगा । किसी कर्मचारी का 30 वर्ष का अर्हक सेवा समाप्त करने के बाद सेवानिवृत्त होने के लिए अपेक्षित आदेश विनियम के अनुसार तब तक नहीं दिये जाएंगे जब तक यर्थात में कर्मचारी को

अपेक्षित सेवा पूरी नहीं हो जाती अथवा सेवानिवृत्ति की तारीख के दिन 30 वर्ष की बर्हक सेवा पूरी नहीं हो जाती, इसकी छानबीन संबंधित लेखा / लेखापरीक्षा अधिकारी के परामर्श से की जाएगी ।

8. इन विनियमों के अंतर्गत तीन महीने की सूचना अवधि की गणना करते समय नोटिस की सेवा और समाप्त होने की तारीख को निकाल दिया जाए । किसी कम्रचारी के समय पूर्व सेवानिवृत्ति की तारीख सूचना समाप्त होने दिन के दोपहर को होगी (जिसे अकार्य दिवस माना जाएगा) ।

9. इन विनियमों के अवलोकन में किसी कर्मचारी पर लागू सेवानिवृत्ति की सूचना अनुलग्नक - IV और V में स्थापित फार्मों के अनुसार होगी ।

10. कुछ मामलों में जब कोई कम्रचारी सेवानिवृत्ति की सूचना अथवा सेवानिवृत्ति के आदेश तथा तीन महीने के वेतन औरभत्ते के चै /नकद स्वीकार करने के इन्कार करता है तो यह सुनिशिचित कर लेना चाहिए कि कर्मचारी के अस्वीकार के गवाह दो अधिकारी हो, इस प्रकार के मामले में प्रवरण पत्र के साथ सूचना / सेवानिवृत्ति के आदेश की एक प्रति राजिस्ट्री पावती पत्र सहित संबंधित व्यकक्त को उसके अंतिम पदीय पते पर भेजनी चाहिए जिससे यह बताना चाहिए कि सेवानिवृत्ति का मूल सूचना / आदेश फलाना व्यकक्ती से फलाना व्यकक्ती को सुपुर्दगी करने के लिए फलाना तारीख में ली गयी है और वह स्त्री/पुरूष ने उसे स्वीकार करने उक्त परिस्थितियों में अस्वीकार किया है, उसकी प्रति उस सत्री/पुरूष के रिकार्ड के लिए रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजी जा रही है । ऐसे मामले में सेवानिवृत्ति की सूचना / आदेश, दो अधिकारियों की गवाही से जब संबंधित व्यकक्ती द्वारा चैक/तीन महीने के वेतन और भत्ते के बराबर का नकद अस्वीकृत किये जाने की दो अधिकारियों की गवाही तिथि को दोपहर से प्रभावित होगा। जहाँ तक इसके संवितरण का संबंध है वहीं प्रक्रिया अपनायी जाएगी जो प्रक्रिया किसी कर्मचारी स्त्री/पुरूष द्वारा अपने देयों की अस्वीकार करने पर अपनायी जाती है ।

11. उक्त बताये गये उप बंधों के अधीन जब किसी कर्मचारी को समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सूचना/आदेश दिये जाने पर वह इस सूचना / आदेश की कार्यवाही की तारीख से तीन सप्ताह के भीतर एक अभिवेदन प्रस्तुत कर सकता हैं ।

12. अभ्यावेदन की प्राकप्त पर प्रशासन / मंत्रालय / कार्यालय को यह देखने के लिए परीक्षा करनी होगी कि क्या इसमें कोई नई तथ्य शामिल है अथवा तथ्य का कोई नया पहलू जो पहले से ही मालूम था परंतु समयपूर्व सवानिवृत्ति की सूचना / अदेश जारी करते समय उस पर ध्यान नहीं दिया गया हो । यह परीक्षण अभ्यावेदन प्राप्त होने की तारीख से दो सप्ताह के अंदर पूरा होना चाहिए । ऐसे परीक्षण के बाद मामले को उचित समिति के सामने विचारार्थ पेश करने हेतु समिति की खनापट अनुलग्नक-IV में बताये गयी संकेत के अनुसार होगी ।

13. अभ्यावेदन विचार करने वाली समिति संबंधित विभागों से अभ्यावेदन प्राप्त होने की तारीख से दो सप्ताह के अंदर अभ्यावेदन पर अपनी सिफारिश तैयार करेगी । अभ्यावेदन पर अंतिम आदेश दने के अधिकार प्राप्त प्राधिकारी उस अभ्यावेदन पर सिफारिश प्राप्त होने की तारीख से लेकर दो सप्ताह के भीतर अपने आदेश पास करेगा ।

14. यदि किसी कारणवश समयपूर्व सेवानिवृत्ति किसी कर्मचारी को इन अनुदेशों के अनुसार --उसके अभिवेदन पर विचार विमर्श करने से पश्चात किसी सेवा में बहाल करने का निर्णय लिया जाता है, तो

समयपूर्व सेवानिवृत्ति की तारीख और बहाली की तारीख के बीच अंतराल अवधि की मामले के अनुसार बहाल के लिए आदेश देने वाले प्राधिकारी द्वारा ड्यूटी अथवा छुट्टी अथवा अकार्य के रूप में प्रत्येक मामले के गुणवगुणों को गिनकर --नियमित किया जाय ।

15. अयोग्यता के आधार पर समयपूर्व सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के मामले में और उस समय से जब समिति ऐसे अन्यायोचित समयपूर्व सेवानिवृत्त मामले के विरूद्ध विचार विमर्श करने के समय में सर्मचारी के निवर्तन की तारीख जो पहले ही आ चुकी है या पार कर चुकने पर यह निर्णय किया गया है कि अंतिम आदेश जारित करने वाला प्राधिकारी अपने निर्णय पर निर्वर्तित कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ती की प्रभावित तारीख से राष्ट्रीयता पर बहाली कर सकता है और निवर्तन की तारीख तक की अवधि की मामले के अनुसार ड्यूटी, छुट्टी अथवा अकार्य के रूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा उचित समझ गया है, माना जाएगा ।

16. जिन कर्मचारियों को समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सूचना / आदेश दिया गया है, परंतु उन्होंने समयपूर्व सेवानिवृत्ति की सूचना/आदेश के प्रति अदालत से रोकी आदेश प्राप्त किया है तो ऐसी हालत में संबंधित विभागों से विचार करने अथवा अदालत द्वारा मामले के निपटाने तक समिति को भेजने की आवश्यकता नहीं है । अत: मामले को उपर्युक्त संकेतित तरीके से परीक्षण किया जाये ।

17. यह सुनिशिचित करने के उद्धेश्य से कि समीक्षा नियमित रूप से और उचित समय पर की गयी है, विभागों ने एक रजिस्टर बनाया है जिसमें उनके अधीन कार्यरत कर्मचारी जो 50/55 वर्षों पर पहूँचे हैं अथवा 30 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हैं दोनों में जो भी मामला हो । इस रजिस्टर को छानबीन की जानी चाहिए और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से प्रत्येक तिमाही की शुरूआत एवं की गयी समीक्षा निम्नांकित अनुसूची के अनुसार होगा ।

समीक्षा की जाने वाली तिमाही कर्मचारियों के मामले जो 50/55 वर्षों पर पहूँचते हैं अथवा 30 वर्ष की सेवा अथवा पेंशन के लिए 30 वर्षों की अर्हक सेवा जो भी आवश्यकता के अनुसार पूरा करने वाले हैं उनके विवरण नीचे सूचित की गयी तिमाही में समीक्षा की जाए ।

1. जनवरी से मार्च उसी वर्ष में जुलाई से सितंबर ।
2. अप्रैल से जून उसी वर्ष में अक्तूबर से दिसंबर ।
3. जुलाई से सितंबर उसी वर्ष के जनवरी से मार्च तक ।
4. अक्तूबर से दिसंबर उसी वर्ष के अप्रैल से जून तक ।

<u>नोट : मूल विनियम :</u>

विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी (सेवानिवृत्त) विनियम, 1989, पोत परिवहन मंत्रालय (पोर्ट विंग), द्वारा अनुमोदित किया गया है देखें उनके अधिसूचना सं.पीआर-12012/11/89-पीई-1, दिनांक 19-12-1989 और अनुवर्ती संशोधन देखें

अधिसूचना सं.पीआर-12015/3/91 पीई-1, दिनांक 08-05-1991

अनुलग्नक - V

किसी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति करने का सूचना प्रपत्र - नोटिस सहित

आदेश

_____

(उचित प्राधिकारी) के विचार से ऐसा करना लोकहित में होगा ।

अत: विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी (सेवानिवृत्त) विनियम 1979 के विनियम (5) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए

_____(उचित प्राधिकारी)_____

_____

_____यह सूचित करता है कि नाम श्री _____पदनाम _____ने 19____को पचास वर्ष /पचपन वर्ष की आयु पर पहूँच चुका हैं / पहूँचेगा/पूरा किया है अथवा पूरा कर रहा है । वह 19___से प्रभावित दोपहर से अथवा उस कर्मचारी पर यह सूचना जारी किये जाने की तारीख से गिनकर तीन महीने समाप्त होने पर दोनों में जो बाद में हो से सेवानिवृत्त होगा ।

हस्ताक्षर
उचित प्राधिकारी का
पदनाम

सेवा में,
श्री/श्रीमति/कुमारी

प्राप्ति (पावती)

मैं _____पद पर कार्यरत, उक्त कथित सेवानिवृत्ति आदेश की मूल सूचना प्राप्त करने की पावती दे रहा हूँ ।

(हस्ताक्षर)

प्रति हस्ताक्षर

नाम : पदनाम :

पदनाम : स्थान :

स्थान : तारीख :

तारीख :

विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारियों की
(शैक्षणिक सहायता) विनियम, 1990

महा पत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (अधिनियम, 1963 के 38) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट के न्यासी मंडली ने निम्नलिखित विनियम बनाता है ।

1) <u>लघु शीर्ष और प्रारंभ</u> इन विनियमों को विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारी (शैक्षणिक सहायता) विनियम, 1990 कहा जा सकता है ।

ये उस तारीख से लागू होंगे जिस दिन केंद्र सरकार का अनुमोदन पर केंद्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होता है ।

2) <u>आवेदन :</u>

i) ये विनियम मंडल के कर्मचारियों पर लागू होंगे, जो प्रतिनियुक्ति पर मंडल में शामिल है उन पर लागू नहीं होंगे ।

ए) आकस्मिक या दैनिक वेतन या तदर्थ या अंशकालिक रोजगार व्यक्ति ।

बी) ठेके पर नियोजित व्यक्तियों को जहां ठेके को प्रबंध है अन्यधा किया गया है और

सी) आकस्मिताओं से भुगतान किए गए व्यक्तियों ।

ii) ये विनियम अन्य संगठनों में प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों पर भी लागू होंगे या विदेशी सेवा ऐसे संगठनों से इन विनियमों के तहत शैक्षिक सहायता के आहरण के संबंध में आवश्यक प्रावधान प्रदान करती है या विदेशी नियोक्ता प्रतिनियुक्ति या सेवा के संदर्भ में स्पष्ट रूप से किया जाता है ।

3) <u>परिभाषा</u> : इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो ।

ए) बच्चा का मतलब एक कर्मचारी का बच्चा होता है और इसमें सौतेला बच्चा और गोद लिया हुआ बच्चा भी शामिल है, जो पूरी तरह से कर्मचारी पर निर्भर है ।

बी) ''अध्यक्ष'' और ''विभागाध्यक्ष'' का अर्थ वही होगा जो क्रमश: महा पत्तन न्यास अधिनियम 1963 में दिया गया है ।

सी) कर्मचारी का मतलब है मंडल का कर्मचारी

डी) ''हायर सेकंडरी'' या ''सीनियोर सेकंडरी'' का मतलब XI और XII है जिसमें एसएससी (दसवी कक्ष) इंटरमीडिएट, प्री-यूनिवर्सिटि, पॉलिटेक्निक,(डिपलोमा कोर्स) विज्ञान शास्त्र में स्नातक कोर्स या गैर विज्ञान स्नातक जैसे 10 + 2 + 3 के तहत कक्षाएं शामिल है । आंध्रप्रदेश सरकार के विश्वविद्लयों द्वारा आयोजित ऐसी परीक्षाओं में बशर्तें कि बच्चे शामिल होने से पहले माध्यमिक या समकक्ष में उत्तीर्ण हो ।

ई) प्राथमिक कक्षाएं का अर्थ कक्षा 1 से 5 तक है , लेकिन इसमें किंडर गार्डन या नर्सरी कक्षाएं शामिल नहीं है ।

एफ) ''मान्यता प्राप्त स्कूल'' का अर्थ है सरकारी स्कूल या कोई भी शैक्षणिक संस्थान, चाहे वह सरकारी की सहायता प्राप्त करें या न करें, केंद्र या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविध्यालय या मान्यता प्राप्त शैक्षणिक प्राधिकरण उस क्षेत्र पर अधिकार रखने वाला संस्थान स्थित है । । इन विनियमों के उद्देश्य से वरिष्ट स्तर तक की शिक्षा को स्कूल शिक्षा माना जाएगा ।

जी) ''माध्यमिक कक्षाएं '' का अर्थ VI से X कक्षा है ।

हेच) ट्यूशन फीस का अर्थ है देय शुल्क और वास्तव में भुगतान किया गया और शामिल है ।

i) विज्ञान शुल्क ।

ii) प्रयोगशाला शुल्क यदि विज्ञान शुल्क अलग से नहीं लिया जाता है।

iii) एक अतिरिक्त वैकल्पिक विषय के रूप में कृषि के लिए विशेष शुल्क और

iv) नियमित स्कूल में पाठ्यक्रम कार्यक्रम में कार्य अनुभव के हिस्से के रूप में संगीत जैस विषयों के लिए कोई शुल्क लिया जाता है ।
बशर्ते कि यदि किसी विज्ञान के छात्र से लिया गया ट्यूशन फीस गैर-विज्ञान छात्र से लिया गया शुल्क से अधिक है, तो इन विनियमों के प्रयोजनों के लिए हालांकि विज्ञान शुल्क अलग से लिया गया शुल्क, ट्यूशन फीस में शामिल नहीं किया जाएगा ।

<u>स्पष्टीकरण :</u> हालांकि " ट्यूशन फीस " में शामिल नहीं है -

i) आंतरिक विज्ञान निधि शुल्क
ii) पुस्तकालय शुल्क
iii) खेल शुल्क
iv) प्रवेश शुल्क और
v) पाठ्येतर गतिविधि शुल्क

<u>सामान्य शर्तें :</u>

4) <u>पात्रता</u>: विनियम 11 से 21 के प्रावधानों के अधीन वेतन सीमा के बिना किली भी कर्मचारि शैक्षणिक भत्ता, ट्यूशन फीस और छात्रवास की वित्तीय सहायता के पुन: वितरण के लिए पात्र होंगे ।

5) 1) इन विनियमों के प्रावधानों के अनुसार यदि पति और पत्नी दोनों कर्मचारी है तो

बच्चों के शैक्षिक भत्ते या ट्यूशन फीस या छात्रवास वित्तीय सहायता की पुन: वितरण में जैसा की मामला में से केवल एक के लिए स्वीकार्य होगा ।

2) यदि किसी कर्मचारी की पति या पत्नी मंडल के बाहर कार्यरत है, तो कर्मचारी इन विनियोमों के तहत वित्तीय सहायता का भत्ता या प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए पात्र होगा, केवल तभी जब उसका/ उसकी पति या पत्नी किसी अन्य भत्ते के लाभ की हकदार न हो या उसके नियोक्ता से वित्तीय सहायता की प्रतिपूर्ति और उस तथ्य की घोषण कर्मचारी से प्राप्त की जाएगी ।

6) (1) बच्चों का शैक्षिक भत्ता या ट्युशन फीस या हॉस्टल सब्सिडी की प्रतिपूर्ति किसी

कर्मचारी को स्वाकार्य होगी जबकि वह ड्यूटी पर है या निलंबित है या छुट्टी पर है (असाधारण अवकाश सहित) बशर्ते कि, कर्मचारी किसी अकार्य दिवस के दौरान उस अवधि के लिए भत्ता /प्रति पूर्ति/ वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं होगा ।

(2) एक अकादमिक वर्ष के दौरान कोई कर्मचारी छुट्टी, बरख्स्तगी, हटाने के मामल हो या सेवानिवृत्ति, त्याग पत्र, बरखस्तगी या मृत्यु हो जाता है तो शैक्षणिक वर्ष अंत तक भत्ता या प्रतिपूर्ति या छात्रवास की वित्तीय सहायता स्वीकार्य होगी ।

7) बच्चों का शैक्षिक भत्ता, ट्यूशन फीस या छात्रावास सब्सिडी की प्रतिपूर्ति केवल 5 से 20 वर्ष की आयु सीमा के बीच के बच्चों के संबंध में स्वीकार्य होगी । किसी एक छात्र एक ही कक्षा में दो शैक्षणिक वर्षों से अधिक रहे बच्चों के लिए शैक्षिक भत्ता, ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति या छात्रावास कि वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं होगा ।

8) इन विनियमों के तहत शैक्षिक सहायता 31-12-1987 तक पैदा हुए 3 बच्चों तक उपलब्ध होगी और उसके बाद पैदा हुए बच्चों में दो बच्चों तक ही सीमिक रहेगी ।

बशर्ते कि जहां कोई कर्मचारी अपने बच्चों के संबंध में बच्चों के शैक्षिक भत्ते का दावा करता है और अन्य बच्चों के संबंध में छात्रावास की वित्तीय सहायता का दावा देता है, तो कुल बच्चों संख्या में से दो बच्चों को ही भत्ता या वित्तीय सहायता दी जाती है ।

9) बच्चों के शैक्षिक भत्ता संबंध में, ट्यूशन फीस या छात्रावास वित्तीय सहायता जैसा मामला हो सकता है, एक बच्चे के संबंध में एक कर्मचारी को तभी स्वीकार्य होगा जब बच्चा नियमित रूप से स्कूल में जाता है ।

बशर्ते कि जहां उचित छुट्टी के बिना स्कूल से अनुपस्थिति की अवधि एक महीने से अधिक हो इसके बावजूद बच्चे का नाम स्कूल के रोल पर न रहता है । ऐसी स्थिति में कोई भत्ता, वित्तीय सहायता की प्रतिपूर्ति किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगी ।

10) किसी कर्मचारी को अपने बच्चों के संबंध में शैक्षणिक भत्ता, ट्यूशन शुल्क की प्रतिपूर्ती, या छात्रवास की वित्तीय सहायता में इस अधिनियम की परवाह किए बिना स्वीकार किया जाएगा बशर्ते कि कोई मफ्त छात्रवृत्ति की प्रावधान प्राप्त किया है तो शैक्षणिक

शुल्क, छात्रावास की वित्तीय सहायता / ट्यूशन शुल्क की प्रतिपूर्ति वास्तव में भुगतान की गई फीस की सीमा तक स्वीकार्य होगी ।

बच्चों का शैक्षणिक भत्ता :

11. 1) एक कर्मचारी बच्चों के शैक्षिक भत्ते को प्राप्त करने के लिए तभी पात्र होता है

कर्मचारी जिस स्टेशन पर तैनात होता है या निवास करता है उस स्टेशन पर अपेक्षित मानक सकूल की अनुपस्थिति के कारण वह अपने बच्चे को उस स्टेशन से दूर एक स्कूल में भेजने के लिए मजबूर होता है ।

2) इस विनियम के उद्देश्य से निम्नलिखित विद्यालयों को अपेक्षित मानक के विद्यालय

नहीं माना जाएगा ।

ए) जहां एक एंग्लो इंडियन छात्र का संबंध में, एंग्लो इंडियान सोसाईटी द्वारा नहीं चलाया जाता है या एक स्कूल जो भारतीय परिषद या माध्यमिक शिक्षा की काउंसिल के लिए इंडियन स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा से संबद्ध नहीं है ।

बी) एक निकाय द्वारा संचालित एक स्कूल या जो धार्मिक निदेशों के कारण अनिवार्य

कुछ धार्मिक दृढ़ता से जो बच्चे को उसके धार्मिक दृढ़ता के टेनेंट् द्वारा निरोध किया

ऐसे स्कूल में लगाया जाता है और

सी) जहां शिक्षण बच्चों की भाषा से अलग भाषा में आयोजित किया जाता है ।

<u>स्पष्टीकरण - 1:</u> बव्वे की भाषा उस स्कूल में शिक्षा का माध्यम से होगी, जहॉ बच्चा पहले शिक्षा प्राप्त कर रहा था और बच्चे के जन्म से या गोद लेने के समय बच्चे की मातृभाषा में

गोद लेने या जन्म से बच्चे के मातृभाषा के मामले के लिए वहॉ के स्कूल में शिक्षा का माध्यम से होगा ।

<u>स्पष्टीकरण -2 :</u> बच्चों की शिक्षा भत्ते की स्वीकार्यता का निर्धारण स्कूल के मानक के निर्देश से अर्था त प्राथमिक, माध्यमिक या उच्च माध्यमिक या वरिष्ठ माध्यमिक, शिक्षा का माध्यम और बच्चे की भाषा के मानक पर निर्धारित किया जाना चाहिए बशर्ते कि किसी विशिष्ट संस्था या किसी विशिष्ट विषय की अभाव के लिए नहीं ।

-

12) यह भत्ता ऐसे स्टेशन पर किसी कर्मचारी को स्वीकार्य होगा, जहां अपेक्षित मानक का कोई

स्कूल नहीं है, अगर इस तरह के मानक का निकटतम स्थित स्कूल है कि अपने निवास से बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए कोई रेल या बस की प्रावधान नहीं है और दिन में स्कूल बंद होने के बाद भी उसे वापस लाने में बहुत देर लगे तथा रेल या बस से जाने में एक घंटे से अधिक समय लगता है ।

13) यदि किसी कर्मचारी को किसी स्टेशन से स्थानांतरित किया जाता है जहां स्टेशन के लिए अपेक्षित मानक का कोई स्कूल नहीं है, जहां एक ऐसा स्कूल है और अगर वह किसी बच्चे के संबंध में पूर्व स्टेशन पर भत्ता प्राप्त करता है, तो वह पात्र रहेगा, ऐसे भत्ते के लिए जब तक जिस स्कूल में उसका बच्चा अपने स्थानांतरण के समय अध्ययन कर रहा था तब तक उस स्कूल में रहेगा बशर्ते कि उस स्कूल में शैक्षणिक वर्ष की अवधि तक बच्चे का अध्ययन जारी रहेगा ।

14) जहां कर्मचारी तैनात रहता है या निवास करता है, वहाँ कोई रिक्त न होने के कारण या

किसी अन्य कारण से बच्चे को स्कूल में प्रवेश देने से मना कर दिया जाता है,उस स्टेशन पर अन्य मानक स्कूल न होने से कर्मचारी की तैनाती के स्थान से दूर स्कूल में बच्चा भर्ति होने के लिए मजबूर किया जाता है तब कर्मचारी उस भत्ते का हकदार होगा ।

i) स्पष्टीकरण - किसी निर्धारण स्कूल में रिक्त की उपलब्धता स्कूल में बच्चे के प्रवेश के समय वर्तमान स्थिति के संदर्भ में किया जाएगी, चाहे वह प्रारंभ मे हो या सत्र के मध्य में हो, उस क्षेत्र के सक्षम शैक्षिक प्राधिकारियों के साथ परामर्श से और स्कूल अधिकारियों के प्रमाण पत्र के आधार पर नही ।

15) भत्ते की प्राप्ति में एक कर्मचारी किसी भी अवधि के दौरान ऐसे भत्ते को लेने के लिए पात्र रहेगा, जो चार महीने से अधिक न हो ।

i) जब निलंबन या अस्थायी स्थानांतरण या अवकाश के दौरान भत्ता लिये वह उस बच्चे के पास जा सकता है और उसके साथ रह सकता है ।

ii) जब बच्चा बीमारी के कारण पढाई से दूर होकर कर्मचारी के साथ रहने के लिए आ जाता है, बशर्ते कि यह पंजीकृत चिकित्सक द्वारा प्रमाणित किया हो और

iii) जब बच्चा छुट्टी के दौरान कर्मचारी के साथ रहने के लिए आ सकता है, बशर्ते बच्चा स्कूल के रोल पर जारी रहे ।

16) भत्ता निम्नलिखित दरों पर किसी कर्मचारी को स्वीकार्य होगा ।

प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक कक्ष (1 से XII)	प्रति बच्चे प्रति माह रू.100/- रुपये

17) (1) कर्मचारी के लिए भत्ता वर्ष के माध्यम से स्वीकार्य होगा हालांकि छुट्टी के दौरान कोई ट्यूशन शुल्क का भुगतान नहीं किया जाता है ।

(2) माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/वरिष्ट माध्यमिक /इंटरमीडियेट बोर्ड या प्री-यूनिवर्सिटि परीक्षा में सफल होने वाले बच्चे के मामले में, भत्ता उस महीने के अंत तक कर्मचारी को स्वीकार्य होगा जिस महीने में परीक्षाए पूरी हो जाती है या जिस महीने तक जो स्कूल की शुल्क वसूल की जाती है , जो भी बाद मे हो ।

(3) माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/वरिष्ट माध्यमिक /इंटरमीडियेट बोर्ड या प्री-यूनिवर्सिटि परीक्षा में फेल होने वाले बच्चे के मामले में, वह अपनी पढाई फिर से शुरू करता है छुट्टी की अवधि के लिए कर्मचारी भत्ता स्वीकार कर सकता है । बशर्ते कि छुट्टी की अवधि के लिए शुल्क का भुगतान किया जाता है ।

वापसी योग्य शिक्षण शुल्क

18) एक कर्मचारी को देय ट्यूशन शुल्क कि प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा बशर्ते कि इन विनियमों के तहत वास्तव में उसके बच्चे संबंध में भुगतान किया शैक्षिक भत्ता उसके लिए स्वीकार्य नहीं है ।

19) वर्तमान में एक कर्मचारी के बच्चे के संबंध में देय शैक्षिक शुल्क का वापसी योग्य भुगतान निम्नलिखित सीमाओं के अधीन हो सकता है ।

ए)	कक्षा I से X तक	रू. 40/- प्रति माह प्रति बच्चा
बी)	कक्षा XI से XII तक	रू. 50/- प्रति माह प्रति बच्चा
सी)	बोर्ड आफ इंटरमीडिएट/ प्री-यूनिवर्सिटी तक	रू. 105/- प्रति माह प्रति बच्चा
डी)	कक्षा I से XII तक बच्चों के लिए शारीरक रूप से विकलांग और मानसिक रूप से रिटॉर्ट बच्चों के लिए	रू 100/-प्रति माह प्रति बच्चा

नोट: कक्षा 9 वीं से 12 वीं पढने वाले बच्चों और इंटरमीडिएट प्रथम और द्वितीय वर्ष विज्ञान प्रधान विषय के रूप में लिया है तो कक्षा 9 वीं से 12 वीं पढने वाले बच्चों के लिए रू. 10/- प्रति माह प्रति बच्चे के लिए और इंटरमीडिएट प्रथम और द्वितीय वर्ष छात्रों के लिए रू. 15/- प्रति माह प्रति बच्चे के लिए शिक्षणा शुल्क के अलावा विज्ञान विषय के प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

20) 1) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कॉलेज या संबद्ध पूर्व-विद्यालय / दो वर्ष के लिए इंटरमीडियट कॉलेज या तकनीकी इंजीनियरिंग कॉलेज / मेडिकल या तीन वर्ष तक पालिटेक्निक में या पत्राचार कोर्स के लिए ट्यूशन शुल्क की प्रतिपूर्ती की जाएगी, हालंकि पूर्ण विषय में उन्हें सरकार के द्वारा निर्धारित दरों के लिए शैक्षिक शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

2) ऐसे मामले में जहॉ तीन वर्ष पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए संशोधित शिक्षा पद्धति के अनुसार न्यूनतम योग्यता 10 वीं कक्षा है और संशोधित

शिक्षा पद्धति पर 10 वीं कक्षा उत्तीण करने के बाद छात्र पॉलिटेक्निक में भर्ती हो जाता है, उक्त पाठ्क्रम के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष कक्षाओं की ट्यूशन शुल्क की प्रतिपूर्ती भी दी जाएगी ।

21) हालांकि उन विनियमों के विरूद्ध कुछ होने के बावजूद, किसी कर्मचारी के शारीरिक रूप से विकलांग / मंदबुद्धी बच्चे के मामले में भले ही यह संस्था केंद्र / राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त न होने पर भी जिस संस्था में अध्ययन करने वाले बच्चे को शैक्षणिक शुल्क की प्रतिपूर्ति की अनुमति दी जाएगी ।

शासन प्रबंध

ए) संस्था केंद्र सरकार या राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त या अनुमोदित या सहायता प्राप्त है जिसमें बच्चा अध्ययन कर रहा है ।

बी) जैसा भी मामला हो, केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश के प्रशासन द्वारा प्रभार्य शुल्क अनुमोदित किया जाता है ।

<u>स्पष्टीकरण :</u> यदि संस्था मान्यता प्राप्त या अनुमोदित या सहायता प्राप्त है, लेकिन शुल्क केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा अनुमोदित नहीं है तो प्रतिपूर्ति शुल्क की प्रति माह 50/- की अधिकतम सीमा के अधीन होगी ।

छात्रवास वित्तीय सहायता

22) 1) यदि एक कर्मचारी स्थानांतरण के कारण वह अपने बच्चे को जिस स्टेशन पर वह तैनात है या रह रहा है उस स्टेशन से दूर आवासीय विद्यालय के छात्रावास में रखने के लिए योग्य है, वह प्रति माह प्रति बच्चा की रू. 300/- प्रति माह की दर से वित्तीय अनुदान के लिए पात्र होगा ।

2) हालाँकि, यदि छात्रावास में प्रवेश की तारीख स्थानांतरण की तारीख से पहले है और स्थानांतरण की प्रत्याशा में ऐसा प्रवेश किया जाता है तो स्थानांतरण की प्रभावी तारीख से छात्रावास की वित्तीय सहायता दी जाए ।

23) छात्रावास की वित्तीय सहायता राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जहां 10 प्लस 1 प्लस 2 का पद्धति अपनाया गया है वहां 10 प्लस 2 चरण तक देय होगी और उच्चमाध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक, इंटरमीडिएट बोर्ड, प्री-यूनिवर्सिटी, इंजनियरिंग/मेडिकल , डिग्रि पाठ्यक्रम और चाहे बच्चे किसी केंद्रीय विद्यालय के स्कूल में अध्ययन करे उस को 2 वर्षों तक वित्तीय सहायता दी जाती है ।

24) किसी कर्मचारी द्वारा जिस बच्चो के शैक्षिक भत्ता लिया जाता है तो उस बच्चे के संबंध में छात्रावास वित्तीय सहायता स्वीकार्य नहीं होगी ।

शैक्षिक शूल्क और छात्रावास की वित्तीय सहायता के लिए बच्चों की प्रतिपूर्ती की भुगतान के लिए प्रक्रिया है ।

25) एक कर्मचारी जो अपने बच्चो की शैक्षणिक भत्ता ,टयूशन शुल्क या छात्रावास की वित्तीय सहायता की प्रतिपूर्ति के मामले में दावा फार्म 1 2 3 और 4 से दिया जाए, अपने प्रारंभिक दावे को निर्धारित एक प्रमाण पत्र के साथ हर वर्ष मार्च या जुलाई में विभागाध्यक्ष को और अगले उच्च प्राधिकारी को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

26) विभाग में कार्यरत अधिकारीयों के संबंध में विभागाध्यक्ष और अगले उच्च प्राधिकारी अर्थात विभाग के संबंध में अध्यक्ष ऐसी जांच करने के बाद आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है । ड्रायिंग और संवितरण अधिकारी के द्वारा तैयार किया गया प्रमाणपत्र में कर्मचारी को स्वीकार्य भत्ते की राशी सूचित किया जाता है ।

बशर्ते की बच्चों के शैक्षिक भत्ते के मामले में, यह अनंतिम के आधार पर निकाले जाने वाले भत्ते के लिए अनुमेय होगा, उक्त लंबित सत्यापन, कम से कम तीन महीने से अधिक के लिए, कर्मचारी से जिम्मेदारी प्राप्त के अधीन, यदि, ऐसा सत्यापन के परिणाम में, यह सथापित किया जाता है कि अपेक्षित मानक का एक स्कूल नियुक्ति / निवास के स्टेशन पर या ऐसे स्टेशन के पास मौजूद है जैसा कि विनियम 12 में कहा गया है, उसे दिए गए भत्ते को वापस कर देगा ।

बशर्ते कि विभागाध्यक्ष या अगले उच्च प्राधिकारी अर्थात अध्यक्ष जैसा की मामला हो सकता है कि अपने विवेक से इन विनियमों के तहत सहायता की स्वीकार्यता के संबंध में आवधिक अंतराल पर जांच कर सकता है ।

27) एक कर्मचारी के संबंध में विनियम 26 में उल्लिखित प्रमाण पत्र द्वारा प्राप्त कवर किए

गए वेतन बिल आहरण एवं संवितरण अधिकारी प्रमाणित करेगा ।

28) यदि एक कर्मचारी को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन में स्थानांतरित किया गया तो वह बच्चों के शैक्षिणक भत्ते या छात्रावास अनुदान के लिए नये स्टेशन पर एक नया प्रमाण पत्र

प्रस्तुत करना होगा ।

29) <u>विनियम की व्यख्या</u> - यदि इन विनियमों के बारे में कोई व्यख्या उठता है तो इसका निर्णय मंडल द्वारा लिया जाएगा ।

30) <u>निरसन और बचत</u> : इन विनियमों के अनुरूप सभी नियम और समय समय पर इस मामले के बारे में तथा विनियम लागू होने से ठीक पहले जारी किए गए किसी भी आदेश को प्रतिस्थापित किया जाता है।

बशर्ते कि प्रतिस्थापित किए गए नियमों के तहत किए गए किसी भी आदेश या किसी भी कार्रवाई को इन विनियमों से संबंधित प्रावधानों के तहत बनाया गया या लिया गया माना जाएगा ।

31) इन विनियमों के आवेदन में केंद्र सरकार के आदेशों/ निर्देशों / नियमों का पालन किया जाना चाहिए ।

फोर्जिंग नियमों को लागू करने में और मामलों के संबंध इन विनियमों में कार्रवाई नहीं की गई, केंद्रीय सिविल सेवा (शैक्षिणक सहायता) आदेश 1988 के तहत समय-समय पर जारी किए गए केन्द्र सरकार के आदेशों/निर्देशों का अनुपालन तब तक किया जाएगा ,जब तक वे इन विनियमों के प्रावधानों के साथ असंगत न हो ऐसे अपवाद और संशोधनों के रूप में मंडल समय-समय पर निर्धारित कर सकता है ।

<u>नोट :</u>

<u>प्रधान नियम :</u>

विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी (शैक्षिणक सहायता) विनियम, 1990 को परिवहन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया गया है । पत्र सं. पीआर-12016/19/89- पी ई आई दिनांक 15.11.1990

फार्म - 1

(विनियम 25 देखें)

<u>बच्चों के शैक्षिणक भत्ता -</u>

1. प्रमाणित किया जाता है कि मेरे बच्चे/बच्चों के संबंध में नीचे उल्लेख किया बच्चों के शैक्षिणक भत्ते संबंध में दावा किया गया है / वे मुझ पर पूरी तरह से निर्भर है और मै अपने बच्चे/बच्चों को मेरी तैनाती/निवासी के स्टेशन पर अपेक्षित मानक स्कूल की अनुपलब्धता के कारण अपनी तैनाती/निवास के स्थान से दूर भेजने के लिए मजबूर हूँ ।

बच्चे का नाम	जन्म की तारीख	स्कूल/कॉलेज,निवास स्थान और जिसमें बच्चे अध्ययन किया जाता है ।	वह स्थान जहाँ है	जिस कक्षा में बच्चा पढ रहा है	मासिक शैक्षिक भत्ता स्वीकार्य	जुलाई से फरवरी 20 तक मार्च से जून 20 तक की अवधि के लिए भत्ते की दावा
1	2	3	4	5	6	7
1 . 2. 3.						

2. प्रमाणित किया जाता है कि मेरे बच्चे/बच्चों के संबंध में शैक्षिक भत्ते का दावा किया जाता है /कॉलम (3) में उल्लिखित विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं जो कि मान्यता प्राप्त विद्यालय है (केंद्र सरकार/राज्य सरकार /केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन/ नगर निगम/ नगर समिति/ पंचायत समिति/ जिला परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों पर लागू नही है)

3. प्रमाणित है कि :

1) मेरी पत्नी/पति बोर्ड का कर्मचारी नहीं है ।

2) मेरी पत्नी/पति बोर्ड के कर्मचारी है और वह बच्चों के शैक्षिक भत्ते का हमारे बच्चे/बच्चों के प्रति सम्मान का दावा नहीं करेंगे ।

3) मेरी पत्नी/पति ---------- कार्यरत है जो हमारे बच्चे/ बच्चों के संबंध में शैक्षिक भत्ते के हकदार वह है / वह नहीं है ।

4) प्रमाणित किया गया है कि दावे द्वारा कवर की गई अवधि के दौरान बच्चा / बच्ची नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हुए और एक महीने से अधिक की अवधि के लिए उचित अवकाश के बिना विद्यालय से स्वयं/खुद को अनुपस्थित नहीं किया ।

5) प्रमाणित किया गया कि बच्चा / बच्ची दो शैक्षणिक वर्षों से अधिक एक ही कक्षा में नही पढ रहे हैं ।

6) ऊपर दी गए विवरणों में किसी भी परिवर्तन के कारण जो बच्चों के शैक्षिक भत्ते में मेरी पात्रता को प्रभावित करता है, मै उसी को स्वयं के लिए और अतिरिक्त भुगतान अगर यदि कोई हो तो वापसस करने का भी प्रयास करता हूँ ।

(कर्मचारी का हस्ताक्षर)

नाम बडा अक्षरों में ----------

पद नाम और कार्यालय ----------

दिनांक ----------

पोस्टिंग की जगह :

(जो कुछ भी लागू नहीं है, उस पर प्रहार करें)

बोर्ड के अलावा X अन्य नियोक्ता का उल्लेख किया जाना चाहिए

फार्म - 2

(विनियम 25 देखे)

<u>शैक्षिणक शुल्क की वापसी</u>

1. प्रमाणित किया गया है कि जिन बच्चों के शैक्षिक शुल्क की प्रतिपूर्ति का दावा किया गया उनके संबंध में नीचे उल्लेख किया गया है , यह पूरी तरह से मेरे ऊपर निर्भर है

बच्चे का धर्म का नाम क्या है	जन्म की तारीख	जिस स्कूल में पढता है	जिस कक्षा में पढता है	जुलाई से मई 20 अप्रैल से मार्च20 तक वास्तविक मासिक शिक्षण शुल्क	वास्व में दावा किया गया ट्यूशन फीस	प्रतिपूर्ति राशि
1	2	3	4	5	6	7
1. 2. 3.						

2) प्रमाणित किया जाता है कि बच्चे/ प्रत्येक बच्चे के खिलाफ ट्यूशन फीस वास्तव में मेरे द्वारा भुगतान किया गया था (प्रारंभिक दावे के साथ संलग्न होने के लिए बैंक क्रेडिट वाउचर की नकद रसीद/ काउंटर फॉईल)

3) प्रमाणित है कि :

1) मेरी पत्नी / पति बोर्ड का कर्मचारी नहीं है ।

2) मेरी पत्नी / पति बोर्ड के कर्मचारी हैं लेकिन वह हमारे बच्चे / बच्चों के संबंध में शैक्षिक शुल्क की प्रतिपूर्ति का दाना नहीं करेंगे ।

3) मेरी पत्नी / पति_____के साथ कार्यरत हैं / वह हमारे बच्चे/बच्चों के संबंध में शैक्षिक शुल्क की प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं है ।

4) प्रमाणित किया गया है कि दावे द्वारा कवर की गई अवधि के दौरान बच्चा / बच्ची नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित हुए और एक महीने से अधिक की अवधि के लिए उचित अवकाश के बिना विद्यालय से स्वयं/खुद को अनुपस्थित नहीं किया ।

5) प्रमाणित किया गया कि बच्चा / बच्ची दो शैक्षणिक वर्षों से अधिक एक ही कक्षा में नही पढ रहे हैं ।

6) यह प्रमाणित किया गया है कि मैंने या मेरी पत्नी / पति ने ऊपर उल्लिखित बच्चों के संबंध में शैक्षिक भत्ते का दावा नहीं करेंगे ।

7) प्रमाणित किया जाता है कि मेरे बच्चे/बच्चों के संबंध में शैक्षिक भत्ते का दावा किया जाता

है /कॉलम (3) में उल्लिखित विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं जो कि मान्यता प्राप्त विद्यालय है (केंद्र सरकार/राज्य सरकार /केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन/ नगर निगम/ नगर समिति/ पंचायत समिति/ जिला परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों पर लागू नही है)

8)ऊपर दी गए विवरणों में किसी भी परिवर्तन के कारण जो बच्चों के शैक्षिक भत्ते में मेरी पात्रता को प्रभावित करता है, मै उसी को स्वयं के लिए और अतिरिक्त भुगतान अगर यदि कोई हो तो वापसस करने का भी प्रयास करता हूँ ।

(कर्मचारी का हस्ताक्षर)

पद नाम और कार्यालय ----------

दिनांक ----------

(जो कुछ भी लागू नहीं है, उस पर प्रहार करें)

बोर्ड के अलावा X अन्य नियोक्ता का उल्लेख किया जाना चाहिए

फार्म - 3

(विनियम 25 देखे)

<u>छात्रावास की वित्तीय सहायता</u>

1. प्रमाणित किया जाता है कि मेरा बच्चा बच्चा श्री / कु _____ _____ में अध्ययन कर रहा है (स्कूल का नाम) _____ पर स्कूल के छात्रावास में प्रवेश दिया गया है (स्कूल के प्रमुख से प्रमाणपत्र)

2. प्रमाणित किया है कि :

   ए) मेरी पत्नी / पति बोर्ड की सेवा में नहीं है / मेरे बच्चे / बच्चों के संबंध में छात्रावास वित्तीय सहायता नहीं ले रही है ।

   बी) जिन बच्चों के संबंध में छात्रावास सब्सिडी और बच्चों के शैक्षिक भत्ते का दावा किया गया है उनकी कुल संख्या दो से अधिक नहीं है ।

3. पहले उल्लेखित विवरणों में कोई परिवर्तन होने की स्थिति में मै अपने बच्चों को समय की अवधि में बच्चों को वापस लेने की स्थिति मैं अपने नियोक्ता को तत्काल सूचित करता हूँ ।

(कर्मचारी का हस्ताक्षर)

नाम बडा अक्षरों में :_____

पदनाम और कार्यालय _____

तारीख_____

फार्म - 4

(विनियम 25 देखे)

छात्रावास वित्तीय सहायता

(स्कूल और स्थान का नाम)

1. बोर्डर का नाम _____

2. माता पिता का नाम _____

3. जिस कक्षा में भर्ति हुए है _____

4. छात्रावास प्रवेश तिथि _____

5. वर्ष के दौरान जो बच्चा

छात्रावास रहेगा अवधि के लिए

से _____ तक

ए)
बी)
सी)
डी)

प्रिंसिपल/ हेड मॉस्टर/ हेड मिस्ट्रिसेस
(स्कूल मुहर के साथ)

दिनांक .....

विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारी (त्योहार अग्रिम) विनियम, 1991

...

महा पत्तन न्यास अधिनियम 1963 (1963 की 38) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट का न्यसी मंडल निम्न लिखित विनियम बनाती है, नामत:

अध्याय - I

1. <u>लघु शीर्ष :</u>

1) इन विनियमों को विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारी (त्योहार अग्रिम) विनियम, 1991 कहा जायेगा ।

2. <u>परिभाषा :</u> इन विनियमों में जब तक प्रसंग से दूसरी बात अपेक्षित न हो ।

क) ''लेखा अधिकारी'' का अर्थ मंडल का वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी या उसकी ओर से प्राधिकृत कोई भी अन्य अधिकारी है ।

ख) ``अग्रिम `` का अर्थ इन विनियमों के अधीन अनुमेय अग्रिम है ।

ग) ``मंडल, ``अध्यक्ष ``, `` उपाध्यक्ष `` और `` विभागाध्यक्ष `` का अर्थ वही होगा जो उन्हें महा पत्तन न्यास अधिनियम 1963 में निर्वचन दिया गया है ।

(घ) ``कर्मचारी `` का अर्थ मंडल के कर्मचारी है ।

(च) `` केलेंडर वर्ष `` का अर्थ पहला जनवरी से शुरू होकर 31 दिसंबर को समाप्त होने वाला वर्ष है ।

(छ) मुख्य त्योहार का अर्थ हैं कि

1. नव वर्ष का दिन (सभी धर्म और विश्वास का)
2. पोंगल
3. गणतंत्र दिवस
4. महा शिवरात्रि
5. श्रीरामनवमी
6. रमजान (ईद-ऊल-फित्तर)
7. बकरीद (ईद-ऊल जुहा)
8. स्वतंत्रता दिवस
9. विनायक चतुर्थी
10. विजयदशमी
11. दीपावली
12. क्रिस्टमस

13. स्थानीय रूप से संबंधित कुछ ऐसे त्योहारों के बारे विचार विमर्श करने के बाद सामान्य या विशेष आदेश से अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषित करने वाले कोई भी अन्य त्योहार ।

3) <u>आवेदन पत्र का विस्तार :</u>

1. इन विनियमों में अन्यथा उपबंधित प्रबंध को छोडकर श्रेणी-1,2,3,4 श्रेणी के सभी वर्ग के कर्मचारियों को उनके वेतन रेंज के अनुसार अग्रिम स्वीकार हैं ।

2) निम्नलिखित को अग्रिम स्वीकार्य नहीं हैं -

i) मंडल का पूर्णकालिक कर्मचारी होने पर

ii) आककस्मकता से भुगतान करने वाले व्यकक्त और

iii) अपरेन्टीस (शिक्षु)

4) <u>पात्रता की शर्तें :</u>

1. इन विनियमों के विनियम 2 में उप विनियम (जी) के अंतर्गत यथा उप बंधित तत्संबंधित कर्मचारी के अपने धार्मिक विश्वास का लिहाज करते हुए किसी एक महत्वपूर्ण पर्व के लिए ही अग्रिम दिया जाएगा ।

2. एक केलेंडर वर्ष में सिर्फ एक बार ही अग्रिम दिया जाएगा ।

3. किसी केलेंडर वर्ष में यदि अग्रिम देने का पर्व दो बार आने पर भी कर्मचारी को एक ही बार अग्रिम दिया जाएगा ।

4. इन विनियमों के अधीन ऐसे कर्मचारी को अग्रिम मंजूर किया जाएगा जो ड्यूटी (कार्य) पर है, अथवा अर्जित छुट्टी या इसके समरूप प्रसूति छुट्टी सहित किसी अन्य छुट्टी पर रहनेवाले को, परंतु सेवानिवृत्तिपूर्व छुट्टी अथवा अग्रिम आवेन करने की तारीख पर सेवा के अंतिम सत्र के पूर्व छुट्टी को छोड़कर अग्रिम दिया जाएगा ।

5. किसी कर्मचारी को पहले पंजूर की गयी अग्रिम की वसूली किये बिना इन विनियमों के अंतर्गत उसे अग्रिम नहीं दिया जाएगा।

6. किसी अस्थायी कर्मचारी को अग्रिम नहीं दिया जाएगा जब तक कि अग्रिम देनेवाले महीने के बाद से वह मंडल के साथ कम से कम एक वर्ष की अवधि तक सेवा में रहने की आशा नहीं रखता ।

7. त्योहार अग्रिम के लिए कर्मचारी को त्योहार की तारीख से कम से कम पंद्रह दिनों के पहले लिखित रूप में आवेदन पत्र रखना पडेगा अन्यथा उसे अग्रिम नहीं दिया जाएगा । जो भी हो अग्रिम मंजूर करनेवाले प्राधिकार द्वारा इस नियम से छूट दे सकता है ।

5) <u>ब्याज मुफ्त अग्रिम :</u> इन विनियमों के अंतर्गत मंजूर किया गया अग्रिम ब्याज के बगैर या ब्याज रहित

होगा ।

6) <u>अग्रिम की राशि:</u> कर्मचारी को मंजूर करनेवाले अग्रिम की राशि किसी भी हालत में रू.3000/- (केवल तीन हजार रूपये) से अधिक नहीं होगा ।

7) <u>अग्रिम के लिए आवेदन पत्र:</u> अग्रिम के लिए आवेदन इन विनियमों के अनुबंध-I में निर्धारित फार्म में प्रस्तुत करना होगा ।

8) <u>अग्रिम का संवितरण :</u> इन विनियमों के अंतर्गत मंजूर की गयी अग्रिम को जिस त्योहार के लिए अग्रिम मंजूर किया गया है उसके आगे ही कर्मचारी को संवितरण किया जाएगा ।

9) <u>अग्रिम की वसूली :</u>

1. इन विनियमों के अंतर्गत मंजूर कीगयी अग्रिम राशि को 10 मासिक किश्तों में वसूल किया जाएगा ।

2. अग्रिम रकम की वसूली मामले के अनुसार वेतन देने या छुट्टी वेतन के साथ प्रारंभ किया जाएगा । संवितरण की गयी महीने के अनुसार से अग्रिम रकम की वसूली वेतन अथवा छुट्टी वेतन जारी करने के साथ प्रारंभ किया जाएगा ।

3. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 अथवा मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936 या दोनों के द्वारा (शासित) चालाये गये कर्मचारी के मामले में अग्रिम रकम की वसूली उक्त अधिनियम के उपबंधों के शर्तों पर होगा ।

10) <u>अग्रिम के लेखें :</u> अग्रिम वसूली का हिसाब रखने, जाँच करने और निर्वाह प्रक्रिया इन विनियमों के अनुबंध-2 में निर्धारित के अनुसार होगा ।

11) <u>विनियमों का निर्वचन :</u>इन विनियमों के निर्वचन के बारे में यदि कोई प्रश्न उठाने पर मंडल द्वारा निर्धारण किया जाएगा ।

12) <u>निरसन और बचत :</u> इन विनियमों के पत्राचार के सभी नियम और इसके बारे में समय समय पर जारी किये गये आदेश और इन विनियमों की शुरूवात से पहले लागू होने वाले नियमों को यहाँ पर निरसित किया जाएगा ।

इसके अलावा इन विनियमों के अधीन इस प्रकार से निरसित किये गये शर्तों के अंतर्गत बनाये गये कोइ्र आदेश अथवा की गयी कार्रवाई किया जाएगा अथवा इन विनियमों के अंतर्गत पत्राचार के अंतर्गत लिया जाएगा ।

<u>नोट:</u> ये विनियम सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है देखें मंत्रालय के पत्र स.पीआर-12015/2/89-पीई 1, दिनांक 13.3.91 और भारत सरकार के राजपत्र में मुद्रित है देखें जीएसआर सं.130(ई), दि. 13.3.91, संशोधित : एमओएसटी पत्र सं.पीआर-12015/2/89-पीई-1, दि. 5.8.92.

अनुलग्नक - I

(विनियम 7 देखिए)

विशाखपट्टणम पार्ट ट्रस्ट

...

प्रमुख त्योहार के संबंध में आवेदनपत्र फार्म

01. आवेदक का नाम :

02. आवेदक का पदनाम :

03. कर्मचारी संख्या :

04. विभाग, कार्यालय और अनुभाग :

05. आवेदन करने की तारीख पर वेतन :

06. आवेदन की तारीख पर ड्यूटी पर है, अथवा छुट्टी पर है, यदि छुट्टी पर है तो किस प्रकार की छुट्टी पर है ? :

07. पहली नियुकक्त की तारीख :

08. निवर्तन आयु अथवा सेवानिवृत्त की तारीख :

09. अपेक्षित अग्रिम से संबंधित त्योहार :

10. अपेक्षित अग्रिम की राशि : रू.

11. अग्रिम को लौटाने के लिए किस्तों की संख्या :

12. अग्रिम निकालने की वेतन शीट का नाम :

13. प्रमाणित किया जाता है कि :-

1. चालू केलेंडर वर्ष में मैं ने किसी त्योहार के संबंध में किसी प्रकार का अग्रिम नहीं लिया।

2. पिछले केलेंडर वर्ष में त्योहार के संबंध में मुझे मंजूर किया गया अग्रिम पूर्णत: दिया गया है ।

(आवेदक के हस्ताक्षर)
तारीख सहित

---

* लागू नहीं होने पर काट दें ।

विशाखपट्टणम पार्ट ट्रस्ट

...

अनुलग्नक -II

(विनियम 10 देखिए)

त्योहारों से संबंधित अग्रिमों के हिसाब इत्यादि निर्वहण करने की प्रक्रिया

1. विभागाध्यक्षों को यह सुनिकश्चत कर लेना चाहिए कि उनके विभागों में महत्वपूर्ण त्योहारों के संबंध में मंजूर की गयी अग्रिम संबंधी शर्तों को पूरा किया जा रहा है और उचित हिसाब भी रखा जा रहा है एवं वसूली का जाँच भी किया जा रहा है ।

2. अग्रिमों का भुगतान_____20_____ ``त्योहार अग्रिम `` नामक शीर्ष के अंतर्गत गिना जाएगा । लेखा निर्वहण के सुविधा के लिए त्योहर और अग्रिम के वर्ष को विशेष रूप से संबंधित वेतन-शीट के पहला पृष्ठ में उचित स्थान पर सूचित करना होगा ।

3. अग्रिम मंजूरी के लिए सिफारिश किये गये विभागाध्यक्षों द्वारा फार्म में, समय समय पर जारी किये गये अनुदेशों को इस अनुबंध के भाग के फार्म ``ए ``के अनुसार लेखा अधिकारी के नाम पर सूचित होगा, लेखा अधिकारी ने भी समय समय पर प्रत्येक त्योहार के संवितरण के बारे में विवरणात्मक अनुदेश जारी करेगा ।

4. कटौती के समर्थन में विभागाध्यक्षों को महीनेवार / पूरक वेतन-शीट से संलग्न करना होगाजिसके द्वारा अग्रिम की वसूली प्रभावित हुआ है, वसूली की अनुसूची इस अनुबंध के भाग-3 का फार्म ``बी `` देखिए । प्रत्येक त्योहार के लिए पृथक अनुसूची तैयार करना होगा ।

5. अग्रिमों की वसूली हिसाब का जाँच करने के लिए विभागाध्यक्षों की फार्म ``ए ``का नकल प्रति रखना होगा । कॉलम 1 से 7 को अग्रिम भुगतान करने की सिफारिश तैयार करने पर भरना होगा और लेखा अधिकारी को प्रेषित करना होगा । वेतन शीट द्वारा जब के तब दिये गये वसूलियों को कॉलम 9 से 15 में नोट करना होगा । यदि वसूली नकद रूप में चुकाने और लेखा विभाग के आर.ई. अनुभाग को प्रेषित करने पर समाधान की सुविधा के लिए ``टिप्पणी ``कॉलम में उचित रूप से सूचित किया जाए और लेखा अधिकारी को यर्थात की सूचना दी जाए । उसी प्रकार से किसी भी रकम की गैर वसूली का जो सामान्यत: वसूल किया जाना था के कारणों को विवरणात्मक रूप से टिप्पणी कॉलम में यथा ``पे नॉट ड्रान ``, ``पे नॉट ड्यू `` _____ को ``ट्रांसफर्ड ``इत्यादि में सूचित किया जाए ।

6. विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय द्वारा निर्वहण किया गया रजिस्टर से वसूलीका एक निष्कर्ष समाप्त किया हुआ महीने से लेकर एक महीने के भीतर लेखा अधिकारी को उन मामलों के बारे में ब्यौरा पेश करेगा जिसमें अग्रिम पूर्ण रूप से वसूल नहीं किया गया है तथा उत्कृष्ट रकम और उनके कारणों को दर्शाया गया है ।

अनुलग्नक -II

भाग - II

फार्म - ``ए ``

विशाखपट्टणम पार्ट ट्रस्ट

...

महीना_____20__वाउचर सं._____शीट सं. _____ 20_____अग्रिम से संबंधित पूरक वेतन शीट (त्योहार का नाम और वर्ष शामिल करें)

_____कर्मचारियों के लिए _____ विभाग _____अनुभाग भाग _____ अग्रिम वर्ष _____

क्र.सं	कर्मचारी का नाम / पदनाम	लगातार नियुक्त की तारीख	वेतन मान	वेतन	अग्रिम का रकम	टिकट सं.	कर्मचारी का स्टांप्ड वेतन	महीना	महीना	महीना	महीना	महीना	महीना	उत्कृष्ट रकम	टिप्पणी
			रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	रू.	
1		3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16

विशाखपट्टणम _____20 _____ द्वारा तैयार किया गया । _____ लेखापरीक्षा द्वारा किया गया ।

विभागाध्यक्ष

अनुलग्नक -II

भाग - III

फार्म - ``बी ``

विशाखपट्टणम पार्ट ट्रस्ट

...

200_____महीने का अग्रिम वसूली से संबंधित अनुसूची (त्योहार का नाम और वर्ष शामिल करें)

_____200_____वेतन शीट का नाम _____भाग सं._____विभाग _____

क्र.सं.	कर्मचारी का नाम	पदनाम	वेतन शीट में क्रम सं.	पिछला बाकी	वसूली की गयी रकम	उत्कृष्ट जमा	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8

तारीख _____ विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर

1. विशेष अग्रिम के लिए वेतन शीट में दर्शाये गये कुल कटौतियों के साथ कॉलम (6) का कुल सहमत हो ।
2. प्रत्येक अग्रिम के लिए एक अलग अनुसूची बनाया जाए ।
3. एक अनुभाग से दूसरे अनुभाग को स्थानांतरित व्यकक्तयों के बारे में, वेतन शीट का नाम और उसका भाग संख्या जिसके द्वारा अग्रिम भुगतान किया गया है, उन्हें वेतन शीट से संलग्न अनुसूची जिसके जरिये वसूली प्रभावित हुआ है टिप्पणी कॉलम के दिया जाए ।

विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारियों (सेवानिवृत्ति के बाद अंशदायी आउटडोर और इनडोर चिकित्सा लाभ विनियम, 1992

...

महा पत्तन न्यास अधिनियम 1963 (1963 की धारा 38) की धारा 28 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट न्यासी मंडली ने उपरोक्त अधिनियम की धारा 124 के तहत केंद्र सरकार के अनुमोदन के अधीन निम्नलिखित विनियम बनाता है ।

1. <u>लघु शीर्ष और प्रारंभ</u> : इन विनियमों को विशाखपट्टणण पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारियों (सेवानिवृत्तिके बाद अंशदायी आउटडोर और इनडोर चिकित्सा लाभ विनियम, 1992 कहा जा सकता है । वे उस तारीख से लागू होंगे, जिस तारीख को केंद्र सरकार की मंजूरी केंद्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित की जाती है ।

2. <u>आवेदन की सीमा</u> :

ए) इस पर ये विनियम लागू होते हैं : (i) विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट के सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनके पति / पत्नी (ii) विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट में 5 वर्षों की लगातार सेवा पूरी होने के बाद सेवा में देहांत होनेवाले कर्मचारियों के पति / पत्नी पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र है और (iii) सेवानिवृत्ति कर्मचरियों के पति / पत्नी जो जीवित है, जो सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी मर जाते है, बशर्ते कि उनके पति / पत्नी वह सार्वजनिक रूप से निजी उपक्रम में कार्यरत नहीं है और किसी भी चिकित्सा लाभ योजना द्वारा कवर किया गया है या तो खुद के लिए या आश्रित के रूप मे योजना के लिए पात्र है ।

बी) ''इन विनियमों के संबंध में विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट के सेवानिवृत्ति कर्मचारी'' का अर्थ:

(i) सभी वर्गों के कर्मचारी, अर्थात, श्रेणी - I श्रेणी - II, श्रेणी - III और श्रेणी - IV, जो वियाखापटनम पोर्ट ट्रस्ट सेवा से सेवानिवृत्त होते हैं, अधिवर्षित आयु प्राप्त होने पर, विनियमों के सेवा नियमों के तहत लागू होगा ;

(ii) श्रेणी-Iऔर श्रेणी - II अधिकारी, जो इस तरह के नोटिस के बदले, अपेक्षित सूचना या वेतन और भत्ता देकर सेवानिवृत्त होते हैं,, III और श्रेणी - IV के कर्मचारी, जो इस तरह के नोटिस के बदले, अपेक्षित सूचना या वेतन ओर भत्ता देकर सेवनिवृत्त हो सकते हैं, श्रेणी-III और श्रेणी - IV के सभी कर्मचारियों ने ऐसे नोटिस के बदले वेतन और भत्ते देकर सेवानिवृत्त

हो सकते है या अपेक्षित नोटिस या वेतन या भत्ता देकर सेवानिवृत्त हो सकते है, या पचपन (55) वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ऐसे नोटिस के बदले अपेक्षित नोटिस या वेतन व भत्ता देकर सेवानिवृत्त हो जाते है।

(iii) विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट में चाहे वह किसी श्रेणी का हो 15 वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद चिकित्सकीय रूप से सेवा अमान्य कर दिया गया है ।

(IV) जिन्होंने 02-04-1992 को या उसके बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के तहत पोर्ट सेवा से सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारी ।

3. इन विनियमों के तहत चिकित्सा लाभ प्राप्त करने के लिए सेवानिवृत्ति की तारीख के एक महीने

के अंदर सदस्य के रूप में नामांकन करने का विकल्प दिया जाना चाहिए । उन लोगों के मामले में जो पहले से ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जब कि सेवा में 15 वर्ष पूरे होने के बाद सेवा में हैं या 15 वर्ष की लगातार सेवा पूरी होने के बाद सेवा से चिकित्सकीय रूप से अवैध हैं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा ऐसे विकल्प का उपयोग किया जाना चाहिए और या निर्भर या मौत के लिए छह: (6) महीने के अंदर ये नियम लागू हो जाते हैं क्यों कि सेवा से चिकित्सकीय रूप से अमान्य हो सकता है ।

4. योगदान : (ए) इन विनियमों के तहत चिकित्सा लाभ प्राप्त करने के लिए सदस्य बनने का विशिद्व रूप से स्वैच्छिक है । जो सेवानिवृत्त कर्मचारी या मृत कर्मचारी के जीवित पति या पत्नी अपने सेवानिवृत्त लाभ से या नकद में कटौती से निम्न निर्धारित एकमुश्त योगदान का भुगतान करते है इन विनियमों के तहत चिकित्सा लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र है । मंडल द्वारा समय-समय पर एक मुश्त योगदान की राशि का निर्धारण किया जाएगा ।

कर्मचारी की श्रेणी	एक मुश्त अंशदान की राशी रूपये
श्रेणी – I	1,200/-
श्रेणी – II	900/-
श्रेणी – III	600/-
श्रेणी – IV	400/-

नोट : विनियम 2 और 3 (ए) के उद्धेश्य के लिए श्रेणी - I, श्रेणी- II , श्रेणी -II, श्रेणी -IV का अर्थ वही है जो क्रमश: विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारी (वर्कीकरण, नियंत्रण और अपील) अधिनियम को सौंपा गया है । वास्तविक वर्गीकरण में, हालंकि उसकी सेवानिवृती / मृत्यु / चिकित्सा अवैधता के समय कर्मचारी द्वारा पर्याप्त रूप से पद के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा ।

बी) इन विनियमों के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी या उसके पति या पत्नी तब तक लाभ स्वीकार्य

नही होगा, जब तक उ सके मृतक पति, या पत्नी उसके जीवित रहे पति या पत्नी के निर्धारित एकमुश्त योगदान का भुगतान नहीं किया है ।

सी) एक बार भुगतान किए गए एकमुश्त भुगतान किसी भी हालत में वापस नहीं दिया जाएगा ।

पंजीकरण : 'ए' (संलग्न) - इन विनियमों के तहत जहां कर्मचारी सेवानिवृत्त /अमान्य या उसकी मृत्यु के मामले में, उसके पति या पत्नी द्वारा उल्लिखित विवरणों के सत्यापन के लिए अनुलग्नक ए (संलग्न) में उल्लेख किया है चिकित्सा सुविधाओं के विनियमों का अनुलिपि विभागाध्यक्ष में बनाया जाना चाहिए । आवेदन प्रस्तुत करते समय, को सेवानिवृत्त कर्मचारी / उनके पति / पत्नी के 2 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ अनुलग्नक सी (संलग्न) में सेवानिवृत्त कर्मचारी वह किसी भी सार्वजनिक / निजी उपक्रम में लाभप्रद रूप से नियोजित नही है और किसी भी चिकित्सा लाभ योजना द्वारा कवर न किया गया है और एकमुश्त अंशदायी भुगतान रसीद का उल्लेख करते हुए एक घोषणा के साथ विभागाध्श्क्ष को भेजी जाना चाहिए । हर वर्ष 1 अप्रैल को इस घोषणा का नवीकरण करना चाहिए । इस योजना में शामिल होने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके पति/पत्नि के संबंध में तस्वीरों की लागत पोर्ट ट्रस्ट द्वारा वहन की जाएगी ।

बी) विभागाध्यक्ष द्वारा लागू होने पऱ, आवेदन की सारांश के संदर्भ पर उस विभाग में उपलब्ध अभिलेखों की जांच की जाएगी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भेजा दी जाएगा । मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवेदन अग्रेषित करते समय विभागाध्यक्ष या कार्यालय द्वारा नियुक्त किए गए अधिकारी को विस्तृत विवरण के रूप में आवेदन पर प्रमाणित करना चाहिए :-

(i) क्या कर्मचारी द्वारा घोषित स्थान पर कर्मचारी की उपकस्थति कुछ समय बाद विभिन पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों को निभाने की दृष्टि से आवश्यक है, और यदि हाँ तो क्या सेवा में नियुकक्ती के पश्चात् कर्मचारी उस स्थान पर बार बार गया है ।

(ii) क्या उस स्थान पर कर्मचारी की आवासीय संपत्ति है या क्या वह उस संयुक्त परिवार के सदस्य के रूप में संयुक्त संपत्ति का एक हकदार है ।

(iii) क्या उसके नज़दीकी रिश्तेदार उस स्थान के निवासी हैं । और

(iv) क्या बोर्ड की सेवा में आने से पूर्व कर्मचारी वहाँ कुछ वर्षो तक रहा था ।

(क) एक के बाद दूसरी मानदंड कभी लागू किया जाये जब पहला मानदंड संतोषजनक न हो ।

(ख) यदि कर्मचारी या उसके परिवार की अपनी कोई आवासीय संपत्ति अथवा भू-संपत्ति एक से अधिक स्थानों पर है तो यह कर्मचारी की इच्छा पर निर्भर होगा कि वह किसी एक स्थान को अपना होम टाऊन घोषित करें और उसका आधार बताये । कर्मचारी द्वारा घोषित होम टाऊन को स्वीकार करने का अंतिम निर्णय अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष का होगा ।

(ग) एक विशेष स्थान को होम टाऊन के रूप में घोषित करने का मानदंड यदि वहाँ रखनेवाले नज़दीकी रिश्ते है तो उसे स्वीकृति तभी मिल सकती है जब कि नज़दीकी रिश्तेदार स्थायी रूप से वहाँ के निवासी हों ।

7. <u>छुट्टी यात्रा रियायत के अधीन भारत में किसी स्थान के लिए यात्रा के स्थान की घोषणा :</u>

जब कर्मचारी या उसके परिवार के किसी सदस्य द्वारा भारत में किसी स्थान की यात्रा के लिए रियायत का लाभ उठाने का प्रस्ताव है तब वह अपनीयात्रा के स्थान की जानकारी नियंत्रक अधिकारी को पहले ही दे देगा । यात्रा का घोषित संस्थान नियंत्रक अधिकारी के अनुमोदन से यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व परिवर्तित किया जा सकता हे जब यह सिद्ध कर दिया जाये कि यात्रा प्रारंभ से पूर्व परिवर्तन का आवेदन कर्मचारी उन परिस्थितियों के कारण नहीं कर सका जो उसके नियंत्रण से बाहर थीं । इस मामले में रियायत यथाकस्थति केवल अध्यक्ष या उपाध्यक्ष ही दे सकता है ।

8. <u>छुट्टी यात्रा रियायत की ग्राह्यता :-</u> (1) छुट्टी यात्रा रियायत के विनियम 3 के उप विनियम (1) के खंड (क), (ख), (ग) और (घ) में विनिर्दिष्ट प्रवर्गों के व्यकक्तयों को छुट्टी यात्रा रियायत तब अनुज्ञेय होगी, यदि उन्होंने उस तारीख को मंडल के अधीन एक वर्ष की निरंतर सेवा पूरी कर लीहो जिसे तारीख से यथाकस्थति वे या उनका परिवार रियायत का उपभोग करने के लिए यात्रा आरंभ कर रहे हों ।

(2) छुट्टी यात्रा रियायत आककस्मक अवकाश और विशेष आककस्मक अवकाश सहित किसी भी अवकाश अवधि के दौरान अनुज्ञेय होगी ।

(3) यदि पति और पत्नी दोनों ही बोर्ड के कर्मचारी है तो परिवार को अनुज्ञेय रियायत पति या पत्नी किसी एक को अनुज्ञेय मान के आधार पर निर्भर होगी । दोनों को नहीं ।

9. <u>छुट्टी यात्रा रियायत के प्रकार :-</u> (क) होम टाऊन के लिए छुट्टी यात्रा रियायत कर्मचारी के मुख्यालय और होम टाऊन के बीच दूरी पर विचार किये बिना दो कैलेंडर वर्षों के किसी ब्लाक में जैसे 1992-93, 1994-97 और उससे आगे के लिए एक बार अनुज्ञेय होगी ।

(ख) भारत में किसी स्थान के लिए छुट्टी यात्रा रियायत कर्मचारी के मुख्यालय से यात्रा के स्थान की दूरी को विचार में लाए बिना चार कैलेंडर वर्षों के किसी ब्लाक में जैसे, 1990-93, 1994-97 और उससे आगे के लिए एक बार अनुज्ञेय होगी ।

बशर्ते कि, किसी ऐसे कर्मचारी के संबंध में जिसे होम टाऊन के लिए छुट्टी यात्रा रियायत अनुज्ञेय है, भारत में किसी भी स्थान के लिए यदि वह छुट्टी यात्रा रियायत का उपभोग करता है तो वह होम टाऊन के लिए उपलब्ध छुट्टी यात्रा रियायत के बदले में होगी और उसे होम टाऊन के लिए यात्रा आरंभ करने के समय उपलब्ध छुट्टी यात्रा रियात के प्रति समायोजित किया जायेगा ।

(ग) ऐसा कोई कर्मचारी जिसका परिवार उससे दूर होम टाऊन में रहता है तो, इस योजना के अधीन सभी रियायतों के बदले -- जिसके अंतर्गत चार वर्षों के किसी ब्लाक के लिए भारत के किसी स्थान की यात्रा के लिए वह और उसका परिवार हकदार है --कर्मचारी केवल अपने लिए प्रत्ये वर्ष होम टाऊन जाने का विकल्प दे सकता है ।

10. <u>विशिष्ट ब्लाक वर्षों में छुट्टी यात्रा रियायत की गणना :-</u> छुट्टी यात्रा रियायत लेने वाले कर्मचारी और उसके परिवार के सदस्य यथाकस्थति दो वर्ष या चार वर्ष के किसी ब्लाक के दौरान विभिन अवधियों में विभिन समूहों में यात्रा कर सकेंगे । इस प्रकार से ली गयी रियायत की गणना उन दो वर्षों या चार वर्षों के उस ब्लाक वर्ष में की जाएगी जिसमें बाहर जाने की यात्रा प्रारंभ हुई, चाहे वापसी यात्रा उस दो वर्ष या चार वर्ष के ब्लाक की समाकप्त पर की गयी हो । यह विनियम II के निबंधनों के अनुसार अग्रनीत छुट्टी यात्रा रियायत लेने के लिए लागू होगा ।

11. <u>छुट्टी यात्रा रियायत ले जाने के लिए :-</u> कोई कर्मचारी जो दो वर्षों या चार वर्षों के किसी विशिष्ट ब्लाक में छुट्टी यात्रा रियायत नहीं ले पाता है, वह उसका उपभोग दो वर्षों या चार वर्षों के अगले ब्लाक के प्रथम वर्ष के भीतर कर सकेगा । यदि कोई कर्मचारी स्वनगर के लिए छुट्टी यात्रा रियायत का हकदार है तो वह भारत में किसी स्थान के लिए छुट्टी यात्रा रियायत को चार वर्षों के ब्लाक के लिए नभी अग्रनीत कर सकेगा । यदि उसने चार वर्षों के ब्लाक के भीतर दो वर्षों के दूसरे ब्लाक की बापत स्वनगर के लिए छुट्टी रियायत को अग्रनीत कर दिया है ।

12. भारत में किसी स्थान के लिए छुट्टी यात्रा रियायत के अधीन कर्मचारी उसके परिवार के सदस्यों द्वारा यात्रा किए जानेवाला स्थान ; चार वर्षों के ब्लाक के दौरान कर्मचारी या उसके परिवार का सदस्य अपनी पसंद के विभिन स्थानों की यात्रा कर सकेगा । कर्मचारी के परिवार के सदस्य के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वे उसी स्थान की यात्रा करें जिसकी यात्रा स्वयं कर्मचारी द्वारा उसी ब्लाक वर्ष के दौरान पहले किसी समय में की गयी हैं ।

13. <u>हकदारी :-</u> (1) रेल द्वारा यात्रा: छुट्टी यात्रा रियायत के अधीन रेल द्वारा यात्रा के लिए विभिन श्रेणीयों की वाहन सुविधा की हकदारी निम्नलिखित के अनुसार होगा :

(i) रू. 9,000/- से ज्यादा और रू. 12,000/- से कम वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारी सामान्य रेल में II श्रेणी वातानुकूल, 2 टायर स्लीपर/प्रथम श्रेणी वातानुकूल 3 टायर में और राजधानी एक्सप्रैस में II वातानुकूल 2 टायर स्लीपर में और शताब्दी एक्सप्रैस में वा. चैयर कार में ।

(ii) रू. 5,000/- से ज्यादा और रू. 9,000/- से कम वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारी सामान्य रेल में श्रेणी । वातानुकूल / 3 टायर स्लीपर / वातानुकूलित चैयर कार में ।

नोट : (ए) जहां किसी भी ट्रेन में आवास की कोई भी श्रेणी प्रदान नहीं की जाती है, संबंधित स्टेशनों से सीधे सबसे छोटे मार्ग से कनेक्ट होने पर कर्मचारी ए.सी. चैयर कॉर में यात्रा कर सकता है।

(बी) राजधानी / शताब्दी ट्रेनों द्वारा यात्रा के लिए दावा केवल उन्हीं को अनुमति दी जाएगी, जहाँ यात्रा वास्तव में इन ट्रेनों द्वारा की जाती है । यात्रा के दोनों अंत तक शताब्दी / राजधानी ट्रेनों से सीधे जुड़े होने चाहिए।

(ii) प्रति वर्ष रू. 5,000/- वेतन से कम प्राप्त कर रहे कर्मचारी द्वितीय श्रेणी शायनयान में यात्रा कर सकते हैं ।

(2) सड़क द्वारा यात्रा :- ऐसे स्थानों के बीच की दूरी जो सड़क द्वारा जुडे नहीं हैं यात्राओं के खर्च के

लिए मंडल की सहायता, कर्मचारी को निम्नलिखित के अनुसार अनुज्ञेय होगी ।

(i) जहाँ कोई ऐसी सार्वजनिक परिवहन प्रणाली जिसके यान नियत स्थानों के बीच नियमित इंटरवेल्स पर और किराये की नियत दरों पर चलाए जाते हैं, विद्यमान हैं, वहाँ पर सहायता ऐसी प्रणाली द्वारा, परिवहन प्रणाली की समुचित श्रेणी की जगह के लिए प्रभारित वास्तविक भाड़ा हैं ।

<u>टिप्पणी :</u> समुचित श्रेणी से निम्नलिखित अभिप्रेत है --

(क)	ऐसे अधिकारी जो रेल में प्रथम श्रेणी द्वारा यात्रा करने के हकदार है ।	किसी भी प्रकार की बस द्वारा सूपर डिलेक्स, डिलेक्स एक्सप्रैस आदि सहित हैं, किंतु वातानुकूलित बस को छोड़कर ।
(ख)	अन्य अधिकारी	केवल साधारण बस द्वारा ही । एक्सप्रेस बसों में की गयी यात्रा के लिए दावे भी तभी स्वीकार किये जा सकेंगे जब साधारण बसों में स्थानों की अनुपलब्धता के कारण से यात्रा वास्तव में ऐसी बस द्वारा की गयी हैं ।

(ii) उस यात्रा के लिए जो मान्यता प्राप्त सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से नहीं जुडे हैं वहाँ सहायता भारत सरकार के आदेश के अंतर्गत उप नियम (ii) 46 के नीचे निर्धारित उचित दर पर सड़क मील के आधार पर होगी ।

(iii) उप विनियम (i) या उप विनियम (ii) खंड (i) और (ii) में किसी बात के होते हुए भी, जहाँ कोई कर्मचारी सड़क द्वारा यात्रा कर रहा है, पब्लिक सेक्टर के पर्यटन विकास निगम, राज्य परिवहन निगम और अन्य सरकारी या रूथानीय निकायों द्वारा संचालित परिवहन सेवाओं द्वारा भारत में किसी स्थान की यात्रा के लिए चालित किसी बस, वैन या अन्य यात्रों में कोई सीट या सीटें लेता हैं, वहाँ उसकी प्रतिपूर्ती यदि वह यात्रा रेल द्वारा लघुतम सीधे मार्ग से उस श्रेणी द्वारा, जिसका वह हकदार है की गयी होती, वास्तविक भाड़ा प्रभार या यात्रा के घोषित स्थान तक यात्रा पर प्रतिपूर्ती योग्य रकम तक, इनमें से जो भी कम हसे की जाएगी । किसी निजी कार, (उधार ली गयी या भाड़े पर ली गयी) या किसी बस, वैन या प्राईवेट आपरेटर के स्वामित्वधीन अन्य यान द्वारा की गई यात्रा के लिए प्रतिपूर्ती अनुज्ञेय नहीं होगी ।

(3) विमान द्वारा :- जो स्थान रेल द्वारा जुडे नहीं है, जहाँ कोई यात्रा का अनुकूल साधन नहीं है या अधिक महँगा है वहाँ कर्मचारी विमान द्वारा यात्रा कर सकेगा ।

(4) भारत की सीमा में ऐसे स्थानों के संबंध में जो पोत परिवहन सेवा से जुडे हैं, वहाँ कर्मचारी को पोत द्वारा यात्रा करने की हकदारी उप विनियम 40 उपबंधों के अनुसार होगी ।

(5) ऐसे स्थानों के बीच यात्रा जो किसी प्रकार के परिवहन साधन से नहीं जुडे हैं : ऐसे स्थान जो किसी भी प्रकार के परिवहन साधन से नहीं जुडे हैं वहाँ कर्मचारी को पशु परिवहन -- जैसे ट्टटू, हाथी, ऊँट आदि --द्वारा यात्रा करने का हक है और ऐसे मामलों में मील भत्ता उसी दर से अनुज्ञेय होगा जो स्थानांतरण पर यात्रा के लिए अनुज्ञेय है ।

<u>स्पष्टीकरण :-</u> इस विनियम के प्रयोजन के लिए ``वेतन ``से वह वेतन अभिप्रेत होगा, जो मूल नियम, 9 (21) (क) (i) में परिभाषित है ।

(6) यदि कोई कर्मचारी अपना होम टाऊन भारत से बाहर घोषित करता है और अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को इस तथ्य से संतुकष्ट हो जाती है तो उसे होम टाऊन जाने के लिए रियायत पाने का हक होगा । ऐसे मामले में (1) भारत में होम टाऊन से नज़दीकी रेल्वे स्टेशन से रेल्वे स्टेशन तक (लघुतम दूरी से) अथ्ंवा (ii) भारत में एम्बारक्शन / डिसएम्बारक्शन के नज़दीकी पोर्ट के रेल्वे स्टेशन तक की यात्राओं के शुल्क से संबंधित मंडल की सहायता शेयर तक सीमित कर दी जाएगी ।

<u>स्पष्टीकरण :-</u> इस विनियम में नज़दीकी पोर्ट से अभिप्रेत भारत के उस पोर्ट से है जो कर्मचारी के होम टाऊन से नज़दीक है ।

14. एकतरफा यात्रा के लिए रियायत :- स्वतंत्र रूप से यात्रा पर प्रस्थान और वापसी यात्रा के समय विद्यमान तथ्यों के प्रसंग में कर्मचारी के परिवार के सदस्यों को रियायत अनुज्ञेय होंगे । उदाहरण:-
I. केवल बाहर जाने की यात्रा के लिए प्रतिपूर्ती पाने का हक :

(i) आश्रित पुत्र या पुत्री के होम टाऊन जाने के बाद उसे नौकरी मिल जाने या शादी हो जाने पर अथ्ंवा बाहर जाने के बाद अध्ययन के लिए वहाँ रह जाने पर ।

(ii) परिवार जो होम टाऊन की यात्रा पर गया है और होम टाऊन से वापसी यात्रा का उनका कोई आश्य नहीं, ऐसी कस्थति में कर्मचारी ने अपने परिवार के सदस्यों द्वारा की जाने वाली वापसी यात्रा की निर्दिष्ट तारीख के बारे में यात्रा रियायत लेने से पूर्व यदि लिखित रूप में दिया हो ।

(II) सिर्फ लौटती यात्रा के लिए ही प्रतिपूर्ती का हकदार :-

(i) होम टाऊन से हैडक्र्वार स्टेशन तक आने वाली नवविवाहित पत्नी अथ्वा होम टाऊन में रह / रही पत्नी जिसने बाहरी यात्रा के लिए अपनी छुट्टी यात्रा रियायत का उपभोग नहीं किया हैं ।

(ii) आश्रित पुत्र या पुत्री, जो अध्ययन के लिए अथवा दादा, दादी के पास होम टाऊन में रहने के उपरांत माता पिता के साथ वापस आ रहा / रहीं हैं ।

(iii) बच्चा जिसकी आयु पहले तीन वर्ष अथवा बारह वर्ष से कम थी परंतु वापसी यात्रा के समय में उसकी उम्र तीन वर्ष या बारह वर्ष से अधिक हो गयी हैं ।

(iv) होम टाऊन में रहते समय कर्मचारी द्वारा कानूनी रूप से गोद लिया हुआ बच्चा ।

15. <u>स्थानांतरण अथवा दौरे पर सकम्मलित छुट्टी यात्रा रियातय :-</u>

(1) जब कोई कर्मचारी नियमित छुट्टी पर होम टाऊन जाता है और वहीं से स्थानांतरण हो कर नये हैडक्वार्टर पर जाता है उनकी ग्राहयता के आधार पर उन्हें न्यूनतम स्थानांतरण यात्रा भत्ता दिया जाएगा । विनियम के तहत उन्हें पुराने हैडक्वार्टर से होम टाऊन और होम टाऊन से नये हैडक्वार्टर तक की कुल दूरी जहाँ तक कि यात्रा भत्ता ग्राह्य है एवं 800 कि.मी. (चौथे ग्रेड के कर्मचारी के लिए 320 कि.मी.) तक यात्रा भत्ता सहित छुट्टी यात्रा रियायत दिया जा सकता है ।

उदाहरण :- यदि ``क `` पुराना हैडक्वार्टर है, ``ख `` स्वनगर और ``ग`` नया हैडक्वार्टर है, तो कर्मचारी को ``क ``, ``ख `` देरी जोड़कर, ``ख ``, ``ग`` देरी निकालकर (दूरी जिसके लिए यात्रा भत्ता ग्राह्य है - के साथ 800 कि.मी. अथवा 320 कि.मी. यथाकस्थति के अनुसार) छुट्टी यात्रा रियायत ग्राह्य होगा ।

(2) उपर्युक्तानुसार जिस दूरी के लिए रियायत अनुज्ञेय है यदि वह उपेाणीय है तो कर्मचारी इस प्रकार की रियायत, अन्य किसी अवसर पर उस ब्लाक अवधि में अन्य शर्तों पूरी करते हुए पाने का हकदार होगा । स्थानांतरण यात्रा भत्ते का दावा करते समय उसे स्वयं और परिवार के सदस्यों के लिए विकल्प देना होगा । रियायत का उपभोग नहीं करने पर कर्मचारी द्वारा ली गयी किसी प्रकार की रियायत अग्रिम को उसके स्थानांतरण यात्रा भतता हक में समायोजित कर दिया जाएगा ।

(3) जब कोई कर्मचारी समुचित पूर्व अनुमति के साथ नियमित छुट्टी पर होम टाऊन के लिए यात्रा स्टेशन से रवाना होता है और होम टाऊन से सधे हैडक्वार्टर लौटता है तो ऐसे कर्मचारी को दौरे पर हैडक्वार्टर से यात्रा स्टेशन तक जहाँ से वह होम टाऊन के लिए जाता है तथा यात्रा स्टेशन से होम टाऊन और हैडढक्वार्टर में वापस आने की यात्रा के लिए रियायत दिया जाएगा, आगे का यात्रा के लिए यात्रा स्टेशन प्रारंभिक स्थान माना जायेगा।

(4) यदि कर्मचारी उचित पूर्व अनुमति के साथ स्वनगर से दूर स्टेशन तक जाता है और वहाँ से हैडक्वार्टर लौटता है तो उसे इन विनियमों के अधीन स्वीकार्य हैडक्वार्टर से स्वनगर तक का रियायत और स्वनगर से दूर स्टेशन और हैडक्वार्टर में वापसी यात्रा के लिए दूर पर यात्रा भत्ता दिया जाएगा ।

16. <u>प्रतिपूर्ति:-</u> छुट्टी यात्रा रियायत योजना के अंतर्गत आनुषंगिक व्यय और स्थानीय यात्राओं पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी । यात्रा के व्यय के लिए प्रतिपूर्ति केवल सीधे टिकट पर लघुतम सीधे मार्ग से स्थल से स्थल तक की गयी यात्रा के आधार पर अनुमेय होगी । यात्रा भत्ता बिल के साथ सामान्य प्रमाण पत्र के प्रभाव पर जिसमें यह दावा किया है कि कर्मचारी ने वास्तव इस प्रकार की यात्रा किया है और जिसके लिए प्रतिपूर्ति का दावा किया गया है उससे निम्न श्रेणी वाले निवास की यात्रा उन्होंने नहीं की है । (उसी श्रेणी की यात्रा किया है) पर ही नगद प्रतिपूर्ति दिया जाएगा ।

परिशिष्ट-I और II के अनुसार एक नियंत्रक अधिकारी और एक तत्संबंधित कर्मचारी से दो प्रमाण पत्र यात्रा रियायत के लिए यात्रा भत्ता बिल सहित लेखा अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा ।

17. दावे का समयहरण :- छुट्टी यात्रा रियायत के अधीन यात्रा पर उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए दावा, यदि कोई अग्रिम नहीं किया गया है तो वापसी यात्रा के पूरा होने के पश्चात् तीन महीने के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा । ऐसा करने में असफल रहने पर, दावे का समयहरण हो जाएगा और इस संबंध में कोई शिथिलीकरण अनुज्ञेय नहीं होगा ।

18. <u>अग्रिम की मंजूरी और उसका समायोजना :-</u>

(i) कर्मचारी को रियायत का उपभोग करने के लिए अग्रिम मंजूर किया जाये ताकि अग्रिम की यह रकम, प्रत्येक मामले में उस प्राक्कलित रकम 90% तक सीमित होगी जिसकी प्रतिपूर्ति मंडल दोनों ओर की यात्रा के व्यय के संदर्भ में करेगा ।

(ii) यदि कर्मचारी का परिवार इससे अलग यात्रा करता है तो परिवार के लिए अग्रिम भी अनुज्ञेय सीमा तक पृथक रूप से लिया जा सकेगा ।

(iii) प्रस्थान यात्रा के प्रारंभ के समय, प्रस्थान और वापसी दोनों यात्राओं के लिए अग्रिम लिया जा सकेगा, परंतु यह तब होगा जब कर्मचारी द्वारा ली गयी छुट्टियों की अवधि या परिवार के सदस्यों की पूर्वानुमानित अनुपकस्थति के अवधि तीन माह या 90 दिन से अधिक नहीं है । यह अवधि इस सीमा से अधिक है तो अग्रिम प्रस्थान यात्रा के लिए लिया जा सकेगा ।

(iv) यदि दोनों ओर की यात्रा के लिए पहले ही अग्रिम लेने के उपरांत अवधि की सीमा 3 माह या 90 दिन की अवधि से अधिक हो जाती है तो अग्रिम की आधी रकम मंडल को तुरंत वापस की जानी चाहिए ।

(v) यदि अग्रिम मंजूर किए जाने के 30 दिन के ाीतर बहिर्गामी यात्रा प्रारंभ नहीं की जाती है तो पूर्ण अग्रिम का प्रतिदाय करना होगा । ऐसे मामलों में जहाँ आराण बहिर्गामी यात्रा की प्रस्तावित तारीख से साठ दिन पहले कराया जा सकता है और तदनुसार अग्रिम मंजूर किया जाता है वहाँ कर्मचारी को अग्रिम लेने के दस दिन के भीतर यात्रा प्रारंभ करने की तारीख को विचार में लाए बिना, टिकें पेश करनी चाहिए ।

(vi) यदि किसी कर्मचारी ने अग्रिम लिया है, तो यात्रा पर उपगत व्ययकी प्रतिपूर्ति के लिए दावा वापसी यात्रा के पूरा होने के एक माह के भीतर ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए ऐसा नहीं करने पर कर्मचारी को अग्रिम की पूरी रकम एक मुश्त रकम के रूप में तुरंत वापस करना होगा ।

(vii) अस्थायी कर्मचारी और उनके परिवार वालों के लिए अग्रिम किसी स्थायी कर्मचारी की जमानत पर दिया जाएगा ।

(viii) विनियमों के तहत लागू अग्रिम के मामले में, छुट्टी यात्रा रियायत की अग्रिम देने के लिए मंजूरी जारी करते समय वह उस मंजूरी में यह स्पष्ट हो कि माँगी जाए कि कर्मचारी द्वारा छुट्टी यात्रा रियायत अग्रिम का उचित उपयोग नहीं करने पर अथवा स ाम प्राधिकारी को उचित समय पर अग्रिम वापस नहीं करने अथवा मंजूरी में निहित शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर, छुट्टीयात्रा रियायत अग्रिम मंजूर करने के नियम वा शर्तों का उल्लंघन करने पर वाहन खरीद के लिए नियत ब्याज दर से अधिक @ 2 1/2% की दर से पीनल ब्याज (मोटर गाडी को छोड़कर) प्रभारित किया जायेगा ।

19. <u>छुट्टी यात्रा रियायत का कपटपूर्ण दावा</u> :-

(i) यदि अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा छुट्टी यात्रा रियायत का कपटपूर्ण दावा करने के आराप में किसी कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही शुरू करने का निश्चय किया जाता है तो ऐसे कर्मचारी को अनुशासनिक कार्यवाही पूरी होने तक छुट्टी यात्रा रियायत की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ii) यदि अनुशासनिक कार्यवाही के परिणाम स्वरूप कर्मचारी पर विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट कर्मचारी विनियम, 1968 (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) के विनियम 8 में निर्दिष्ट किसी प्रकार का दंड लगाया जाता है तो कर्मचारी को विचाराधीन अनुशासनिक कार्यवाही के दौरान रोके गये छुट्टी यात्रा रियायत के संवर्गों के साथ दो आगामी संवर्ग अनुमेय नहीं होंगे । परिणामों के लेखाबद्ध होने से नियंत्रण प्राधिकारी छुट्टी यात्रा रियायत के दो से अधिक संवर्ग को अनुमति देने से इंकार कर सकता है ।

(iii) यदि कर्मचारी को छुट्टी यात्रा रियायत के कपटपूर्ण दावेके आरोप से पूर्णत: विमुक्त किया जात है तो उसे भावी ब्लाक वर्षों में अतिरिक्त संवर्ग (संवर्गों) के रूप में पूर्व निर्धारित रियायत का उपभोग करने के लिए अनुज्ञा दी जाएगी परंतु ऐसा उसके निवर्तन की सामान्य तारीख के पूर्व किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण :- इस विनियम के प्रयोजन के लिए विनियम 8 के खंड (क) और (ख) में विनिर्दिष्ट होम टाऊन के लिए छुट्टी यात्रा रियायत और भारत में किसी भी स्थान के लिए छुट्टीयात्रा रियायत, छुट्टी यात्रा रियायत के दो संवर्ग गठित करेगी ।

20. <u>निर्वचर:</u>- यदि इन विनियमों के उपबंधामें में से किसी संबंध में कोई संदेह है तो मामला ख्मंडल को निर्दिष्ट किया जाएगा, जो इसा विनिश्चय करेगा ।

21. <u>शियित करने की शकक्त :</u>- इन विनियमों के उपबंधों के अतिरिक्त जहाँ अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को यह संतुष्टि हो जाती है कि इन विनियामों के किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में कठिनाई होती है तो अध्यक्ष या उपाध्यक्ष यथास्थिति लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से आदेश द्वारा

उस विनियम की अपेाओं को उस सीमा तक और ऐसे अपवादों एवं शर्तों के अधीन रहते हुए जो मामले को किसी न्यायसंगत और समान रीति में निपटाने के लिए आवश्यक समझें तो उन्हें अभिमुक्त या शिकथल कर सकते हैं ।

बशर्ते कि लेखा विभाग के कांकरेन्स के साथ के बिना किसी भी आदेश तैयार नहीं किया जाएगा ।

22. नियमन 13 में निहित कुछ के बावजूद, बोर्ड वेतनमान या बोर्ड के कर्मचारियों के संशोधन के आधार पर समय-समय पर यात्रा की पात्रता के उद्देश्य से भुगतान रेंजर को फिर से सूचीबद्ध करेगा ।

23. व्यावृत्ति:- सरकार के सभी विद्यमान अनुदेश जो इन विनियमों के किन्हीं उपबंधों के प्रतिकूल नहीं है और ऐसेअनुदेश जो समय समय पर सरकार द्वारा जारी किए जाते हैं जो इन विनियमों में विनिर्दिष्टत: नहीं हाते हैं, तब तक प्रवृत्त रहेंगे जब तक कि वे संशोधित, उपांतरित या रद्द नहीं कर दिये जाते हैं ।

परिशिष्ट - I

प्रमाणित नियंत्रण अधिकारी से दी जानेवाल प्रमाण पत्र :

(क) श्री/श्रीमति/कुमारी (कर्मचारी का नाम)_____ने बाहर जाने की यात्रा प्रारंभ करने की तारीख को लगातार एक वर्ष अथवा एक वर्ष से अधिक की सेवा अवधि को पूरा किया है ।

(ख) इन विनियमों के विनियम 24 के अधीन अपेित जरूरी प्रविकष्टयाँ श्री/श्रीमति/कुमारी_____ _____की सेवा पुकस्तका में दर्ज की गयी है ।

अध्यक्ष / उपाध्यक्ष के हस्ताक्षर

परिशिष्ट - II

कर्मचारी द्वारा दिया जाने वाले प्रमाण पत्र :

(1) मैं ने 19_____और 19_____ ब्लाक वर्ष में स्वयं या अपने परिवार के सदस्यों के लिए अब तक छुट्टी यात्रा रियायत का कोई अन्य दावा पेश नहीं किया है ।

(2) मैं अपने /अपनी पत्नी द्वारा _____बच्चों के साथ की गयी यात्रा के लिए छुट्टी यात्रा रियायत का यात्रा भत्ता पहले ही ले चुका हूँ । यह दावा मेरे / मेरी पत्नी द्वारा _____ बच्चों के साथ की गयी यात्रा का है, इनमें से किसी ने भी इससे पहले पार्टि के साथ यात्रा नहीं की है ।

(3) मैं ने स्वयं/मेरी पत्नी ने _____ बच्चों सहित दो वर्ष 19_____ और 19_____ के ब्लाक में की गयी यात्रा के संदर्भ में छुट्टी यात्रा रियायत के लिए यात्रा भतता नहीं लिया है । मैंने / मेरी पत्नी ने _____बच्चों सहित इस ब्लाक से संबंधित रियायत का उपभोग नहीं किया है ।

यह दावा की गयी यात्रा के लिए हैं ।

(4) मैं वर्ष _____ में की गई यात्रा के संबंध में छुट्टी यात्रा रियायत भत्ता पहले ही ले चुका हूँ । यह यात्रा भत्ता 19_____ के दो ब्लाक वर्षों के लिए लिया गया है । चूँकि मेरे परिवार के सभी सदस्य मेरे कार्यस्थल से दूर रहते हैं अत: मुझे यह रियायत निर्धारित ब्लाक वर्ष के लिए वर्ष में एक बार होम टाऊन जाने के लिए अनुज्ञेय हैं ।

(5) नामत: घोषित किये गये होम टाऊन _____ के लिए मैंने / मेरी पत्नी ने बच्चे _____सहित / _____बच्चों सहित यात्रा की हैं ।

(6) मेरा पति /मेरी पत्नी मंडल सेवा में नियुक्त नहीं है । और उसके द्वारा पृथक रूप से अपने या परिवार के किसी

_____

_____

सदस्य के लिए यात्रा रियायत संबंधित दो वर्ष के ब्लाक के लिए नहीं लिया गया है ।

कर्मचारी का हस्ताक्षर

विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम, 1993

जी.एस.आर. 704 (ई), दिनांक 12-11-1993

...

महा पत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की (1963 की 38) धारा 28 के द्वारा प्रदत्त शकक्तयों का प्रयोग करते हुए विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी (सा.भ.नि.) विनियम, 1964, भारत राजपत्र में प्रकाशित जी.एस.आर. सं.328, दि. 29.2.64 का अतिक्रमण करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 124 के तहत यथा अपेक्षित केंद्र सरकार से अनुमोदन की शर्त पर विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट निम्नलिखित विनियम बनाती है :-

1. <u>लघु शीर्ष और प्रारंभ :</u> (क) इन विनियमों को विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी (सामान्य भविष्य निधि) विनियम 1993 कहा जाएगा ।

   (ख) ये नियम केंद्र सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे ।

2. <u>व्याख्या :</u> इन विनियमों में जब तक प्रसंग से दूसरी बात अपेक्षित न हो ।

   (1) ``लेखा अधिकारी ``का अर्थ वित्तीय सलाहकार एवं बोर्ड के मुख्य लेखा अधिकारी है ।

   (2) ``बोर्ड ``, ``अध्यक्ष ``, ``उपाध्यक्ष ``शब्दों का अर्थ महा पत्तन न्यास अधिनियम 1963 में निर्धारित जैसे ही रहेगा ।

   (3) ``परिलब्धियों`` का अर्थ वेतन, छुट्टी वेतन या केंद्रीय सरकार के मूल नियमों या बोर्ड द्वारा बनाये गये किन्हीं विनियमों, जो भी अंशदाता के लिए लागू हो और अंशदाता को विदेश या अन्य सेवा से वेतन के समान प्राप्त किसी भी प्रकार के मेहनताना से हैं, जिसमें सवारी भत्ता, मकान किराया भत्ता, समयोपरी भत्ता, सीमेंट जाँच भत्ता, प्लावी पर्यवेक्षण शुल्क, डायविंग भत्ता और राशन भत्ता आदि शामिल नहीं हो ।

   बशर्ते कि ``लाईटरमैन ``और क्रेन (एलकक्ट्रकल) ड्राईवरों के संबंध में ``परिलकब्धयों ``का अर्थ समय समय पर बोर्ड द्वारा नियत की जानेवाली राशियों से होता है ।

(4) ``कर्मचारी ``का अर्थ बोर्ड का एक कर्मचारी है ।

(5) ``परिवार ``का अर्थ

(i) पुरूष अंशदाता के विषय में, पत्नी या पत्नियाँ, माता, पिता, बच्चे, अवयस्क भाई, अविवाहित बहनें, मृत बेटे की विधवा, एवं बच्चें, तथा जहाँ अंशदाता के माता-पिता जीवित नहीं होते वहाँ पिता के माता पिता है ।

   बशर्ते कि अंशदाता यह प्रमाणित करे कि उसकी पत्नी न्यायिक रूप से उससे अलग हो गई है या वह अपने समाज के सामाजिक रीति रिवाज़ों के अनुसार वह निर्वाह व्यय की हकदार है । इसके बाद वह इन विनियमों से संबंधित मामलों के लिए तब तक अंशदाता के परिवार की सदस्या नहीं मानी जायेगी जब तक अंशदाता लेखा अधिकारी को लिखित रूप में यह सूचित न करें कि उसे निरंतर सदस्या समझा जाये ।

(ii) स्त्री अंशदाता के विषय में पति, माता-पिता, बच्चे अवयस्क भाईयों, अविवाहित बहिनों, मृत पुत्र की विधवा और बच्चे जहाँ अंशदाता के माता और पिता जीवित नहीं हैं, एक पैतृक माता पिता है ।

बशर्ते कि अंशदाता लिखित रूप में अपने विभागाध्यक्ष को यह बता है कि उसके पति का नाम उसके परिवार से हटा दिया जाए । उसके बाद से उसका पति अंशदाता के परिवार का सदस्य उन मामलों में तब तक नहीं माना जायेगा जो इन विनियमों के अंतर्गत आते है जब तक वह पुन: लिखित रूप में इसे रद्ध करने के लिए आवेदन न दे ।

<u>नोट:</u> ``शिशु `` का अर्थ वैध सन्तान है और इसमें गोद लिया गया बच्चा भी शामिल है । जहाँ गोद लिया जाना वैध स्वीकार किया गया है, अंशदाता के वैयकक्तक कानून के अंतर्गत अथवा गार्डियन और बोर्ड अधिनियम, 1890 (1890 का 8) के तहत आश्रित को जो कर्मचारी के साथ रहता है और उनका एक सदस्य समझा जाता है ।

(6) ``निधि ``का अर्थ विशाखपट्टणम पोर्ट कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि है ।

(7) ``छुट्टी `` का अर्थ केंद्रीय सरकार के मूल नियम या कोई अन्य नियम या नियमों द्वारा या केंद्रीय सरकार के आदेशों या महा पत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 28 के अधीन बनाये गये छुट्टी नियमों, यदि है तो, के अनुसार है जो भी अंशदाता के लिए लागू होता है ।

(8) ``वर्ष ``का अर्थ वित्तीय वर्ष है ।

(9) इन विनियमों में उपयोग किये गये किसी अन्य वाक्यांश का अर्थ जिस की परिभाषा निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) वा केंद्रीय सरकार के मूल नियम या उप नियम (7) में उल्लेखित छुट्टी विनियमों में दी गयी है, (अंशदाता के लिए जो भी लागू होता है) उसी अधिनियम, नियम वा विनियमों में निर्धारित अर्थ के समान ही होगा ।

(10) इन विनियमों से अन्यथा न होने पर -- इन विनियमों का वर्तमान सामान्य भविष्य निधि वर्तमान या नयी निधि के गठन पर कोई प्रभाव (अंतर) नहीं पड़ेगा ।

(11) अब तक गठित किये गये सामान्य भविष्य निधि ही लागू रहेंगे और इन विनियमों के तहत गठित और जारी माने जायेंगे ।

3. निधि का गठन और प्रबंधन :- निधि को मंडल द्वारा प्रशासित किया जाएगा और भारत में रूपयों में चलाया जायेगा ।

4. पात्रता की शर्तें :

(1) पुन:नियुक्त कर्मचारियों को छोडकर सभी स्थायी और अस्थायी कर्मचारी, जो इन विनियमों के प्रारंभ होने की तरीख से एक वर्ष या उससे अधिक लगातार सेवा में रहे हैं उन्हें इस निधि का अंशदाता बनना अपेक्षित है । इन विनियमों के प्रारंभ होने की तारीख को जिन अस्थाई कर्मचारियों का सेवा काल एक वर्ष से कम होता है, उन्हें अपनी सेवा के एक वर्ष पूरा होने के बाद वाले महीने से इस निधि का अंशदाता बना होगा ।

(2) बोर्ड अपने स्वनिर्णय से किसी भी वर्ग के कर्मचारियों को निधि के अंशदाता बनाने को बाध्य करेगी ।

(3) किसी अंशदायी भविष्य निधि के अंशदाताओं को इन निधि के अंशदाता बनने की आवश्यकता नहीं है ।

5. इन विनियमों के आरंभहोने पर सामान्य भविष्य निधि विनियम, 1964 के अधीन स्थापित सामान्य भविष्य निधि में मौजूद किसी कर्मचारी की शेष जमा को इन विनियमों के अधीन स्थापित निधि के खाते में जमा कर दी जायेगी ।

6. <u>नामांकान :</u> (1) अंशदाता निधि का सदस्य बनते समयनिधि के अपने खाते मेंजमा रकम को उस राशि के देय योग्य वा देय योग्य होने पर वा नहीं दिये जाने के पहले अपनी मृत्यु के बाद निधि में उसके खाते में जमा रकम प्राप्त करने का अधिकार प्रदान करते हुए एक या अधिक व्यक्तियों का एक नामांकन विभागाध्यक्ष को भेजेगा ।

बशर्ते कि नामांकन करते समय यदि अंशदाता का परिवार है तो नामाकंकन उसके परिवार के किसी एक सदस्य या एक से अधिक व्यक्तियों के नाम पर होना चाहिए ।

आगे बशर्ते कि इस निधि का सदस्य बनने से पहले अंशदता यदि किसी दूसरी भविष्य निधि के लिए अंशदान देता रहा हो तो अन्य निधि के उसके खाता में जमा राशि को इस निधि की जमा में स्थानांतरित किए जाने पर, इस विनियम के अनुसार नामांकन न किये जाने तक इस निधि के विनियमों के अधीन विधि तया पूर्व नामांकन को ही स्वीकार किया जाएगा ।

(2) यदि इस अंशदता उप विनियम (1) के अधीन एक से अधिक व्यकक्तयों को नामित करें तो उसे अपने नामांकन में किसी भी समय पर निधि के अपने खाते में जमा संपूर्ण राशि को मनोनीत हर एक व्यकक्त को देय भाग की राशि का विनिर्देशन करना होगा ।

(3) हर एक नामांकन संलग्न की गयी पहली सूची में दियेगये फार्म में किया जाना है ।

(4) विभागाध्यक्ष को लिखित रूप में सूचना भेज कर अंशदाता किसी भी समय में नामांकन को रद्ध कर सकता है । उस सूचना के साथ या अलग से अंशदाता को इस विनियम के उपबंधों के अनुसार बनाये गये एक अद्यतन नामांकन पत्र को भेजना होगा ।

(5) एक अंशदता नामांकन में यह स्पष्ट करेगा कि :

(क) किसी भी विनिर्देशित मनोनीति व्यकक्त को प्रदान किया गया अधिकार नामांकन में विनिर्देशित अमुख व्यकक्त या व्यकक्तयों पर हो जाता है बशर्ते कि ऐसा अमुख व्यकक्त वा व्यकक्त समुदाय ऐसे ही अन्य सदस्य वा सदस्यगण हो जाता है यदि अंशदाता के लिए अपने परिवार के अन्य सदस्य विद्यमान होता है । जहाँ चंदादार ऐसे अधिकार इस धारा के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों पर प्रदान करता है । उसे ऐस अमुख व्यक्तियों के हर एक को देय राशि वा अंश को ऐसा विनिर्देशित करना है, जिस से कि कुल राशि मनोनीति व्यक्तियों को भुगतान कर सके ।

(ख) उसमें विनिर्देशित आककस्मकता के घटित होने पर नामांकन अमान्य हो जायेगा ।

बशर्ते कि नामांकन करते समय यदि अंशदाता के परिवार में सिर्फ एक ही व्यकक्त विद्यमान रहता है तो उसे नामांकन में यह बताना चाहिए कि धारा (क) के अधीन वैकिल्पक मनोनीति व्यक्ति पर

प्रदान किया गया अधिकार बाद में अपने परिवार में अन्य सदस्य व सदस्यों के आ जाने की अवस्था पर अमान्य हो जायेगा ।

(6) एक मनोनीति व्यकक्त की मृत्यु के तुरंत बाद जिसके संबंध में उप विनियम (5) की धारा (क) के अधीन नामांकन में कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है वा किसी घटना के घटित होने के कारण उप विनियम (क) की धारा (ख) के अनुसार नामांकन अमान्य हो जाता है वा वहाँ के परंतुक के अनुसार, अंशदाता को लिखित रूप में नामांकन को रद्ध करते हुए तथा इस विनियम के उपबंधों के अनुसार एक नया नामांकन जोड़ कर विभागाध्यक्ष को सूचित करना चाहिए ।

(7) अंशदाता द्वारा दिया गया नामांकन तथा रद्ध से संबंधित हर सूचना, जहाँ तक उसकी मान्यता की सीमा है, विभागाध्यक्ष को प्राप्त तारीख से प्रभावी होता है ।

7. <u>अंशदाताओं के खाते :</u> हर एक अंशदाता के नाम पर एक खाता खोला जाएगा तथा उसमे निम्नलिखित दिखाया जाएगा ।

(i) उसक अंशदान

(ii) अंशदान पर विनियम - II द्वारा यथा व्यवकस्थत ब्याज

(iii) निधि से अग्रिम और निकासी

8. <u>अंशदानों की शर्तें :</u>

1. निलंबित की गयी अविध को छोड़कर एक ग्राहक को अपने अंशदान को मासिक रूप में अदा करना
है ।

बशर्ते कि एक अंशदाता अपने विकल्प से छुट्टी के दौरान अंशदान नहीं देगा जिस के लिए या तो छुट्टी का वेतन नहीं मिलता है वा आधा वेतन वा आधा औसतन वेतन के बराबर वा कम छुट्टी वेतन मिलता है ।

आगे बशर्ते कि एक अंशदाता जिनको एक अवधि के लिए निलंबित किये जाने के बाद फिर से नियुक्त किया जाता है, उसे उस अवधि के लिए देय अंशदानों के बकायों की अधिकतम राशि से अधिक न रहनेवाली किसी भी राशि को एक ही राशि में वा किश्तों में भुगतान करने का विकल्प दिया जायेगा ।

<u>नोट:</u> अंशदाता को अकार्य दिवस माने जाने वाली अवधि में अंशदान देने की जरूरत नहीं है ।

(ii) एक अंशदाता छुट्टी के दौरान अंशदान नहीं देने का अपना ही चुनाव (विनियम 8 के उप विनियम (1) को पहला परंतुक देखिए) लेखा अधिकारी को लिखित रूप में सूचित करेगा । नियत समय पर सूचित नहीं करने पर यह माना जायेगा कि उसने अंशदान देना स्वीकार किया है । इस विनियम के अधीन सूचित किया गया अंशदाता का विकल्प अंतिम माना जायेगा ।

(iii) जो अंशदाता विनियम - 22 के तहत अपने साख में निहित रकम निकाल लेता है वह ड्यूटी में वापस आने तक निधि का अंशदान नहीं करेगा ।

(iv) उप विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी एक अंशदाता उसे सेवा में बहाल करने वाले महीने के लिए निधि में अंशदान तब तक नहीं कर सकता जब तक कि वह विभागाध्यक्ष को उक्त महीने के लिए अंशदान का विकल्प लिखित रूप में नहीं देता ।

9. <u>अंशदान की दर :</u>

(1) अंशदन की राशि अंशदाता निम्न शर्तों के अधीन अपने आप निर्धारित करता है ।

(क) यह राशि पूरे रूपयों में प्रकट की जायेगी ।

(ख) ऐसे प्रकटकी गई राशि उनकी परिलकब्धयों के 6% की राशि से कम नहीं हो तथा उसकी संपूर्ण परिलब्धियों से ज्यादा नहीं रहेगी ।

बशर्ते कि इस के पहले 8-1/3% से अधिक दर से भविष्य निधि को अंशदान देने वाले अंशदायी के विषय में यह राशि अपनी परिलकब्धयों में से 8-1/3% से कम, तथा अपने संपूर्ण परिलकब्धयों से ज्यादा नहीं रहेगी ।

(ग) जब कर्मचारी न्यूनतम दर 6% वा 8-1/3% दर पर जो भी लागू होता है-- अंशदान देने के लिए तैयार होता है तो, रूपया का एक अंश निकटतम पूर्ण रूपये के रूप में मान लिया जाता है, 50 पैसे की अगले रूपये के रूप में गिनती की जाती है ।

(ii) उप विनियम (i) के प्रयोजन के लिए, अंशदाता के परिलकब्धयों को-

(क) पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में कार्यरत अंशदाता की परिलकब्धयाँ उस दिन तक उसके हक में रेहेगी ।

बशर्ते कि

(i) यदि अंशदाता उक्त तारीख को छुट्टी पररहे तो, और इस प्रकार की छुट्टी पर उनकी परिलकब्धयाँ अंशदान नहीं देने के लिए चुने जाने पर अथवा उक्त तारीख पर निलंबित किये जाने पर उनके द्वारा ड्यूटी पर लौट आने के पहले दिन को हकदारी परिलकब्धयों के बराबर रहेगा ।

(ii) यदि अंशदाता उक्त तारीख को भारत के बाहर प्रतिनियुकक्त पर रहता है वा उक्त तारीख परवह छुट्टी पर रहता है तथा छुट्टी पर ही जारी रहता है, तथा ऐसी छुट्टी के दौरान उसे अंशदान के लिए तैयार है तो उसके द्वारा भारत में काम करते वक्त जिन परिलकब्धयों के लिए वह हकदार था वही उसकी परिलब्धियॉ होंगे ।

(ख) पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में न रहने वाले अंशदाता केविषय में उसके द्वारा निधिके सदस्य बनने की तारीख को उसके हक की परिलब्धियॉ :-

(iii) हर एक साल में अंशदाता अपने मासिक अंशदान की राशि के निर्धारण की सूचना निम्न लिखित प्रकर करेगा ।

(क) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के मार्च 31 को ड्यूटी पर है तो उस महीने के अपने वेतन बिल से उसके लिए की गई कटौती द्वारा ।

(ख) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च पर छुट्टी पर हो तथा वह उसे छुट्टी के दौरान अंशदान देने के लिए तैयार न हो, वा उस तारीख पर उसे निलंबित किया गया हो तो उसके ड्यूटी पर लौट आने के बाद उसके पहले वेतन बिल से इस के लिए की गई कटौती द्वारा ।

(ग) यदि वह बोर्ड की सेवा में पहलीबार उस वर्ष के दौरान भर्ती हुआ है तो, उसके निधि में सदस्य बनने वाले महीने के वेतन बिल से इसके लिए की गई कटौती द्वारा ।

(घ) यदि वह पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को छुट्टी पर हो, एवं वह छुट्टी पर जारी रहता है तथा वह ऐसी छुट्टी के दौरान अंशदान देने के लिए तैयार है तो उस महीने के अपने वेतन बिल से इसके लिए की गयी कटौती द्वारा ।

(ड़) यदि पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को विदेशी सेवा पर हो तो चालू वर्ष में उसके द्वारा बोर्ड के खाते में अप्रैल महीने के लिए अंशदाता के लिए अपने द्वारा जमा की गई रकम ।

(iv) इस प्रकार से निर्धारित की गई अंशदान की राशि को :-

(क) वर्ष के दौरान किसी भी एक समय पर घटाया जाता है ।

(ख) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाया जाता है ।

(ग) पूर्वोक्त के अनुसार घटाया तथा बढ़ाया जाता है ।

बशर्ते कि जब अंशदान की राशि को जब घटाया जाता है तो वह राशि उप नियम (1) में निर्धारित न्यूनतम राशि से कम नहीं होनी चाहिए ।

आगे बशर्ते कि यदि अंशदान बिना वेतन के अथवा आधे वेतन पर कैलंडर महीने के लिए आधे औसतन वेतन की छुट्टी पर है और वह इस प्रकार की छुट्टी में अंशदान के लिए तैयार नहीं है तो, उपर्युक्त बताये गये से भिन छुट्टी सहित, यदि है तो, ड्यूटी पर बिताये गये दिनों के अनुपात में अंशदान राशि देय होगी ।

10. <u>विदेशी सेवा में स्थानांतरण वा भारत के बाहर प्रतिनियुकक्त पर भेजना :-</u>

जब किसी कर्मचारी का विदेशी सेवा में स्थानांतरण हो, वा प्रतिनियुकक्ती पर भारत से बाहर भेज दिया जाता है, तो निधि के नियमों के अधीन उसे उसी प्रकार रखा जाता है मानो कहीं भी उसका स्थानांतरण नहीं हुआ हो वा प्रतिनियुकक्ती पर नहीं भेजा गया हो ।

11. <u>अंशदानों की वसूली :</u>

(i) जब परिलकब्धयाँ भारत में ली जाती हैं, अथवा भारत से बाहर संवितरण प्राधिकृत कार्यालय से परिलकब्धयाँ निकालने पर इन परिलकब्धयाँ तथा मूल श्रोत एवं अग्रिम के ब्याज के अंशदानों की वसूली परिलकब्धयों में ही की जाती है ।

(ii) जब परिलकब्धयाँ किसी अन्य श्रोत से ली जाती है, अंशदाता अपनी बकायों को महीनेवार लेखा अधिकारी को भेजेगा ।

बशर्ते कि ऐसे अंशदाता के विषय में जो कि सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में रहने वाले निगम निकाय में प्रतिनियुकक्त पर रहता है, उस निकाय द्वारा अंशदान की वसूली की जाती है तथा लेखा अधिकारी को भेजी जाती है ।

(iii) जब एक अंशदाता निधि में प्रवेश होने की तारीख से अंशदान नहीं दे पाता है वा विनियम 8 के अनुसार एक वर्ष के दौरान किसी एक महीने या महीनों में अंशदान न दे पाता तो, विनियम 12 में बतायी गयी दर के हिसाब से ब्याज सहित निधि को देय अंशदान की बकाया कुल राशि अंशदाता द्वारा तत्काल निधि में जमा करनी चाहिए वा विनियम 14 के उप विनियम (2) के अधीन पेशगी मंजूरी के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसा निर्देशित किया गया हो, भुगतान चूक को लेखा अधिकारी के आदेश पर अंशदाता द्वारा परिलकब्धयों को किश्तों के रूप में या अन्य प्रकार भुगतान किया जाए ।

बशर्ते कि ऐसे अंशदाताओं को जिनकी जमा के लिए ब्याज नहीं लिया जाता, किसी भी प्रकार का ब्याज देने की आवश्यकता नहीं ।

12. ब्याज : (i) उप विनियम (5) के उपबंधों के अधीन हर वर्ष के लिए बोर्ड द्वारा निर्धारित दर पर अंशदाता के खाते में बोर्ड को ब्याज का भुगतान किया जाना चाहिए ।

बशर्ते कि ऐसा अंशदाता जो पहले केंद्रीय सरकार के किसी भी अन्य भविष्य निधि को अंशदान देता रहा हो तथा जिन के अंशदानों को विनियम 24 के तहत ब्याज सहित इस निधि के अपने खाते में भेज दिया गया हो, उसे 4% की दर पर ब्याज दिया जायेगा यदि वह उस अन्य निधि के नियमों के उपबंध के अनुसार उस दर का ब्याज प्राप्तकरता रहा हो जो :

(ii) हर वर्ष के अंतिम दिन से ब्याज की जमा निम्न प्रकार की जायेगी ।

(क) पूर्व गामी वर्ष के आखिरी दिन को अंशदाता की जमा में रहने वाली राशि में से वर्तमान वर्ष में निकाली गई रकमों को कम करने के बाद 12 महीनों के लिए ब्याज ।

(ख) चालू वर्ष में निकाली गयी रकमों पर -- वर्तमान वर्ष के प्रारंभ निकासी महीने के पूर्व गामी महीने के अंतिमदिन तक ब्याज ।

(ग) पूर्व गामी वर्ष के अंतिम दिन के बाद अंशदाता के खाते में जमा की गई सभी रकमों पर -- जमा करने की तारीख से वर्तमान वर्ष के अंतिम दिन तक ब्याज ।

(घ) ब्याज की कुल जमा को निकटतम पूर्ण रूपये से पूरा करना है । (पचास पैसे की गिनती पूर्ण रूपये के रूप में समझी जायेगी)

बशर्ते कि जब तक अंशदाता की जमा में पडी रकम देय योग्य होती है, इस विनियम के अधीन ब्याज की अवधि को वर्तमान वर्ष के प्रारंभ से वा जमा की तारीख से, जो भी लागू होता है, अंशदाता की जमा में पड़ी रकम देय योग्य होने की तारीख तक गिनी जाती हैं ।

(iii) इस विनियम में, परिलकब्धयों से वसूली के विषय में जमा की तारीख उस महीने की पहली तारीख समझी जायेगी जिस महीने में उसे वसूली की गई है तथा अंशदाता के द्वारा भेजी गई रकम के विषय में उसे प्राप्त की गई महीने की पहली तारीख समझी जायेगी , यदि वह महीने की पाँच तारीख वा उसके बाद प्राप्त होती है, जमा की तारीख अगले महीने की पहली तारीख होगी ।

बशर्ते कि जब अंशदाता का वेतन वा छुट्टी का वेतन तथा भत्ताओं के भुगतान में विलंब हो जाता है जिसकी वजह से निधि के लिए उसका अंशदान भी विलंब हो जाता है, ऐस अंशदानों पर ब्याज की गिनती अंशदाता के वेतन वा छुट्टी का वेतन नियमों के अधीन देय होता है चाहे उसे जिस महीने में भी निकाली गयी हो ।

आगे बशर्ते कि विनियम 11 के उप विनियम (ii) की परंतुक के अनुसार भेजी जानेवाली रकम के विषय में जमा की तारीख महीने की पहली तारीख समझी जायेगी, यदि उसे लेखा अधिकारी को महीने की पंद्रहवीं तारीख तक प्राप्त हो ।

आगे बशर्ते कि जहाँ एक महीने की परिलकब्धयाँ निकाली गई हैं तथा उन्हें उसी महीने के अंतिम दिन पर वितरित किया गया है तो उसके अंशदानों की वसूलियों के मामलों में जमा की अंतिम तारीख आगे की महीने की पहली तारीख है ।

(iv) इसके अतिरिक्त किसी भी रकम विनियम 20, 21 अथवा 22 के अधीन भुगतान किया जाना हो तो उस प्रकार भुगतान किये जाने वाले व्यकक्त को भुगतान किये जाने की महीने की पहले महीने के अंतिम तक वा ऐसे रकम को देय महीने के छः महीने तक इन दो अवधियों में जो भी कम ही ब्याज भुगतान किया जाता है ।

बशर्ते कि जहाँ लेखा अधिकारी उस व्यकक्त को (उसके एजेंट को) जिस तारीख पर भ्ुगतान नकद रूप में अदा करने की तैयारी की गई सूचना देता है, वा उस व्यकक्त को भुगतान करने के लिए चैक डाक में डालता है, ब्याज ऐसे सूचित महीने के पहले महीने की अंतिम दिन तक है, वा चैक को डाक में डालने की तारीख दोनों में जो भी लागू हो भुगतान करना होगा ।

आगे बशर्ते है कि समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के तहत सरकार के स्वामित्व वा नियंत्रण निकाय में प्रतिनियुकक्त पर रहने वाला एक अंशदाता बाद में उसी निगम निकाय में पूर्व प्रभावी तारीख से लिया जाता है, अंशदाता के निधि ज्संचयनों पर देय ब्याज की गिनती के लिए समाहित से संबंधित आदेशों को जारी करने की तारीख अंशदाता की जमा की रकम देय योग्य तारीख समझी जायेगी । फिर भी बशर्ते कि इस उप नियम के अधीन ब्याज की गिनती के प्रयोजन के लिए समाहित की तारीख से शुरू होकर और समाहित के आदेशों की जारीकी तारीख तक की अवधि के दौरान अंशदान के रूप में वसूली की गइ राशि को निधि के लिए अंशदान समझी जायेगी ।

<u>टिप्पणी :</u> छः महीने की अवधि से अधिक निधि बकाया पर ब्याज का भुगतान निम्नलिखित द्वारा प्राधिकृत किया जाना चाहिए :-

(क) एक वर्ष अविध तक लेखा कार्यालय का प्रधान ।

(ख) किसी भी अवधि तक अध्यक्ष / उपाध्यक्ष

उक्त व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होने के बाद अंशदान में विलंब का कारण अंशदाता अथवा इस प्रकार का भुगतान किया जाने वाले व्यक्ति के नियंत्रण से बाहर था, मामले में मौजूद प्रशासनिक विलंब को पूर्णत: जाँच किया गया और आवश्यक कार्रवाई की गयी ।

(v) जब अंशदाता लेखा अधिकारी को यह सूचित करता है कि उसे ब्याज प्राप्त करने की इच्छा नहीं हैं,

तब अंशदाता के खाते में ब्याज की जमा नहीं की जायेगी, लेकिन बाद में जब वह ब्याज के लिए पूछता

है, तब उसके द्वारा पूछे जानेवाले वर्ष के पहले दिन से ब्याज जमा की जाती है ।

(vi) विनियम 11, विनियम 20 या 21 के उप विनियम (iii) के अधीन रकमों पर मिलने वाली ब्याज

निधि में अंशदाता की जमा के रूप में इस विनियम के उप विनियम (i) के अधीन क्रमश: निर्धारित दरों के अनुसार गिनती की जाती है ।

(vii) यदि कोई अंशदाता अपने खाते में जमा निधि से अधिक रकम आहरित करता है तो, अधिक आहरित की गयी रकम, चाहे वह अग्रिम रूप में हो अथवा आरण अथवा निधि से अंतिम भुगतान या गलती से की गई हो उसे अंशदाता की परिलकब्धयों से एक मुश्त के रूप में घटाकर वसूल करने का आदेश दिया जाए । यदि वसूली रकम अंशदाता की परिलकब्धयों में आधे से अधिक होने तो अंशदाता की संपूर्ण रकम ब्याज सहित वसूल होने तक मासिक किश्तों में वसूली की जाएगी । इस उप विनियम के लिए अधिक आहरित रकम के लिए ब्याज की दर 2 1/2 % होगी जो उप विनियम (1) के तत भविष्य निधि शेष पर प्रभारित योग्य है । अधिक आहरित रकम पर वसूल वाला ब्याज मंडल की निधि में जमा किया जाएगा ।

13. अन्य सेवाओं से बदली : (1) हर मामले में अध्यक्ष / उपाध्यक्ष की मंजूरी होने पर सरकार की किसी अन्य सेवा वा अन्य नियोक्ता की सेवा से बोर्ड की सेवा में दाखिल किसी भी व्यकक्त द्वारा इस निधि के अंशदाता हो जाने पर, उसके द्वारा बोर्ड की सेवा में प्रवेश होने की तारीख पर सरकार वा किसी अन्य प्रयोक्ता द्वारा किसी भविष्य निधि में जमा निहित की गई रका इस निधि में बदली की जाएगी । इस प्रकार बदली की गई रकम पर सिर्फ ब्याज दिया जाता है, बोर्ड द्वारा किसी भी प्रकार का अंशदान अदा करने का अधिकारी इसके संबंध में अंशदाता को नहीं मिलेगा ।

(2) इस निधि के अंशदाता का सरकार वा अन्य नियोक्ता की सेवा में स्थायी रूप में अंतरण किए

जाने पर अंशदाता के भविष्य निधि की शेष राशि को नकद में भुगतान किये जाने की बाजय नये नियोक्ता के खाते में अंतरण की जायेगी तथा इन विनियमों को उसके ऊपर लागू नहीं किया जायेगा ।

(3) विशाखपट्टणम पोर्ट ट्रस्ट में रखी गई भविष्य निधि रकम पर, रकम के अंतरण की तिथि तक - साधारण दर से ब्याज बढ़ता रहेगा ।

14. निधि से अग्रिम : (1) निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए उपर्युक्त मंजूरी प्राधिकारी द्वारा किसी भी अंशदाता को भविष्य निधि की संपूर्ण राशि में से 3 महीनों के वेतन वा निधि के खाते की रकम की आधी राशि - जो भी कम हो - अग्रिम के रूप में मंजूर की जायेगी ।

(क) अंशदाता और उसके परिवार के सदस्य या उस पर वास्तविक रूप में आश्रित किसी भी व्यक्ति की अस्वस्थता, प्रसूति वा विलांगता से संबंधित व्यय की अदायकगी के लिए जहाँ भी आवश्यक हो यात्रा भत्तों को भी शामिल किया जायेगा ।

(ख) अंशदाता और उसके परिवार के सदस्य या उस पर वास्तविक रूप में आश्रित किसी भी व्यक्ति के यात्रा भत्तों को मिला कर निम्न मामलों से संबंधित उच्च शिक्षा के व्यय को पूरा करने के लिए, जो इस प्रकार है :-

(i) हाई स्कूल से ऊपर स्तर की शैक्षणिक, तकनीकी, व्यावसायिक वा पेशा पाठ्यक्रम के संबंध में भारत के बाहर शिक्षा के लिए तथा

(ii) हाई स्कूल के ऊपरी स्तर के किसी भी चिकित्सा, इंजीनियरिंग वा अन्य तकनीकी वा विशेषज्ञ पाठ्यक्रम के लिए भारत में, बशर्ते कि शिक्षा की अवधि 3 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए ।

(ग) अंशदाता के पद के समुचित पैमाने पर प्रचलित रूढ़ि द्वारा अंशदता को सगाई, शादियाँ, दफ्न वा अन्य समारोहों के सिल सिल में होनेवाली अनिवार्य व्यय के भुगतान के लिए या उसकी परिवार के किसी भी व्यकक्त या उस पर वास्तविक रूप में आधारित किसी भी व्यकक्त द्वारा ।

(घ) अपने कर्तव्य के पालन करने में अपने द्वारा किये गये किसी कार्य या किये जानेवाले किसी कार्य के बारे में अपने विरूद्ध किए गए आरोपों के संबंध में अपनी कस्थति को उचित ठहराने के लिए अंशदाता द्वारा या उसके विरूद्ध प्रारंभ किए गए कानूनी कार्यवाहियों के व्यय चुकाने के लिए ।

(ङ) टेलीविजन, वी.सी.आर., रिफ्रिजिरेटर या किसी मुख्य वस्तु की लागत चुकाने को ।

बशर्ते कि इस उप विनियम के अधीन ऐसे अंशदाता को अग्रिम स्वीकार नहीं की जायेगी जो किसी भी न्यायालय में अपने कर्तव्य से संबंधि न रखने वाला मामला या बोर्ड के विरूद्ध अपनी सेवा शर्तों के संबंध में या अपने ऊपर आरोपित किसी अपराध पर किसी भी न्यायालय में कानूनी कार्यवाही प्रारंभ करेगा ।

(च) जब अंशदाता अपने ऊपर आरोपित किसी भी दुराचरण के बारे में की जानेवाली जाँच से अपने को बचाने के लिए एक वकील को नियुक्त करता है, ऐसे समय पर अपने बचाव के लिए होने वाले व्यय को पूरा करने ।

(छ) अध्यक्ष के स्वनिर्णय पर विपत्ति से संबंधित अन्य मामलों में ।

2) उचित मंजूरीकर्ता प्राधिकारी विशेष परिकस्थतियों में किसी भी अंशदाता को अग्रिम की मंजूरी कर सकता है यदि यह वकश्वास हो जाये कि संबंधित अंशदाता को उप विनियम (1) में बताये गये कारणों को छोड़कर अन्य कारणों से अग्रिम की आवश्यकता है ।

(3) लिखित रूप में रिकार्ड किए जानेवाले विशेष कारणों को छोडकर किसी भी अंशदाता को उप विनियम (1) में दी गयी सीमा से अधिक या पिछली अग्रिम की अंतिम किश्तों को ब्याज सहित चुकाने तक अग्रिम नहीं दी जायेगी ।

(4) पहले अग्रिम की आखरी किश्त चुकाने से पूर्व, यदि उप विनियम (3) के अंतर्गत अग्रिम मंजूर किया गया हो तो, पूर्व अग्रिम का वसूल न किया गया शेष भी इस प्रकार मंजूर किये गये अग्रिम में मिला दिया जाएगा और उस समेकित राशि को ध्यान में रखकर वसूली के लिए किश्तों को निर्धारित किया जायेगा ।

(5) विनियम 23 के उप विनिमय (3) के खंड (ii) के अंतर्गत, अंतिम भुगतान के लिए, आवेदन पत्र

लेखा अधिकारी के पास भेजने के मामले में, अग्रिम मंजूर होने के बाद, लेखा अधिकारी के अनुमोदन के प्रमाणीकरण पर रकम लिया जा सकता है ।

नोट: (1) इस विनियम के लय के लिए जहाँ स्वीकार्य है वेतन में महाँगाई भत्ता भी शामिल होगा ।

नोट: (2) इस विनियम के लय के लिए समय समय पर अग्रिमों की मंजूरी के लिए बोर्ड द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी उचित मंजूरीदाता प्राधिकारी रहेगा ।

नोट: (3) एक अंशदाता को विनियम 13 के उप विनियम (1) के मद (ख) के अधीन हर छः महीनों में एक बार अग्रिम लेने की अनुमति दी जाती है।

15. <u>अग्रिम की वसूली :</u> एक अग्रिम को अंशदता से उस प्रकार के समान मासिक किश्तों में वसूल की जायेगी जैसे उस अग्रिम की मंजूरी के लिए प्राधिकृत अध्यक्ष या किसी अधिकारी निर्देश करता है, लेकिन उनकी संख्या 12 से कम नहीं रहना चाहिए यदि अंशदाता द्वारा अन्यथा नहीं चुना जाय तथा 24 से ज्यादा नहीं होना चाहिए । विशेष मामलों में जहाँ माँगी गई अग्रिम की राशि विनियम 14 के उप विनियम (3) के अंतर्गत अंशदाता तीन महीनों के वेतन से अधिक है तो, अग्रिम मंजूरीदाता प्राधिकारी 24 से अधिक लेकिन 36 या उससे कम संख्या की किश्तों को नियत कर सकता है । एक अंशदाता अपने विकल्प में एक महीने में एक किश्त से अधिक किश्ते चुका सकता है । हर एक किश्त पूरे रूपयों में होनी चाहिए, ऐसे किश्तों को नियत करने के लिए अग्रिम की राशि को आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाया या घटाया जा सकता है ।

(2) अंशदानों की उगाही के लिए, विनियम 11 मे निर्धारित ढंग पर वसूली की जायेगी तथा अग्रिम लिये जानेवाले महीने के अगले महीने के वेतन से प्रारंभ होगी । अंशदाता द्वारा निर्वाह अनुदान को प्राप्त करते समय जब वह कैलेंडर महीने के 10 दिन वा उससे अधिक अवधि के लिए छुट्टी पर रहता है और उसके समय के लिएएसेकिसी प्रकार की छुट्टी वेतन प्राप्त नहीं होता या आधा वेतन के समान या कम मात्रा में छुट्टी का वेतन प्राप्त होता है, उस अवधि की

वसूली अंशदाता की बिना सहमति के नहीं की जायेगी । जो भी लागू हो, एक अंशदाता को स्वीकृत वेतन की अग्रिम की वसूली के दौरान अंशदाता के लिखित अनुरोध पर अध्यक्ष द्वारा वसूली को मुल्तवी किया जा सकता है ।

(3) यदि अंशता को एक से ज्यादा अग्रिम मंजूर किया गया है और उसके द्वारा लिया गया, बाद में यानि पुर्नभुगतान समाप्त होने से पहले अग्रिम देने का अस्वकार किया गया, तो इस प्रकार लिए गये पूर्ण या शेष रकम विनियम 12 में बताये गये ब्याज की दर की साथ अंशदाता द्वारा निधि में जमा करना होगा । ऐसा नहीं करने से लेखा अधिकारी के आदेश पर अंशदाता के परिलकब्धयों में से एक मुश्त राशि में घटा कर या अधिकतम 12 महीनेवार किश्तों में - अध्यक्ष या अग्रिम मंजूर करने वाले सक्षम प्राधिकारी के निदेशों के अनुसार - वसूल किया जायेगा । और इस प्रकार करने में विनियम 14 की उप विनियम (3) के अंतर्गत विशेष कारण होनी चाहिए ।

बशर्ते कि इस प्रकार अग्रिम अस्वीकार करने से पहले, मंजूरी प्राधिकारी को लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए अंशदाता को एक मौका दिया जाए कि पुर्नभुगतान करने के लिए उसे क्यों मज़बूर नहीं किया जाए । यह स्पष्टीकरण उक्त बताये गये 15 दिनों के अंदर देना चाहिए, यदि अंशदाता का स्पष्टीकण उक्त बताये गये 15 दिनों की अवधि में प्रस्तुत किया जाता तो इस पर निर्णय लेने के लिए मंजूरी प्राधिकारी के पास भेजा जाता है । यदि उसके द्वारा उक्त अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब इस उप विनियम में निर्धारित पद्धति द्वारा अग्रिम का पुर्नभुगतान करवाया जायेगा ।

(4) इस विनियम के अंतर्गत की गयी वसूली निधि में अंशदाता के खाते में जमा की जायेगी ।

16. <u>अग्रिम का अधर्म उपयोग :</u> इन विनियमों में किसी अन्य बात के होते हुए भी, यदि मंजूरी प्राधिकारी के पास शक पाने का कुछ कारण होता कि विनियम 14 के अंतर्गत अग्रिम नहीं करने पर, या अंशदाता के छुट्टी पर होने पर भी, उसकी परिलब्धियों से एक मुश्त राशि में घटा कर वसूल करने का आदेश देगा । जो भी हो, पुर्नभुगतान करने वाली कुल रकम अंशदाता की परिलकब्धयों के आधा से ज्यादा हो तो पूरे रकम को चुकाने तक मासिक किश्तों में या उसकी परिलकब्धयों में निर्वाह अनुदान शामल नहीं है ।

17. <u>निधि से निकासी :</u> (1) यहाँ पर विनिर्देशित शर्तों के अधीन किसी भी समय पर विनियम 14 के उप विनियम (3) के अधीन दिये गये विशेष कारणों से अग्रिम की मंजूरी देने वाले सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही निकासी मंजूर की जा सकती है ।

(ए) अंशदाता द्वारा बीस साल की सेवा पूरी एि जाने पर (सेवा भंग अवधियों सहित, यदि कोई हो तो) वा निवर्तन पर सेवा निवृत्त होने की तारीख के पहले 10 वर्षों में, जो भी पहले हो, निधि में उसकी जमा में निहित राशि से निम्न कारणों के लिए निकासी की जा सकती है :

क) अंशदाता या अंशदाता के किसी बच्चे के यात्रा भत्ते सहित, निम्नमामलों से संबंधित उच्च शिक्षा के व्यय को पूरा करने के लिए, जे निम्न प्रकार है :-

(i) हाई स्कूल से ऊपर स्तर के शैक्षणिक, तकनीकी, व्यावसायिक वा पेशा पाठ्यक्रम के संबंध में भारत के बाहर शिक्षा के लिए जाने और

